रोहतक

बुधवार 29 जुलाई 2026

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा वर्ष : 30, अंक : 175

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा

अधि. 38.0°C

न्यून. 26.0°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

गुरु पूर्णिमा आज

haribhoomi.com


## कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले, 26 में से 22 एजेंडे पास

# ईवी पर 100% कर छूट, महिलाओं को खरीद पर 1% अतिरिक्त लाभ

**लाल डोरा कब्जाधारियों को मालिकाना हक मिलेगा**

**पुलिस हिरासत में मौत पर 7.5 लाख मुआवजा**

**पटवारियों की ट्रेनिंग अवधि 1.5 साल से घटा 1 साल की**

**रेवाड़ी में बनेगी कुसुम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी**

**30 लाख से अधिक के ईवी वाहन पर 50% कर छूट मिलेगी**

**सीएनजी वाहन पर पंजीकरण पर 20% छूट जारी रहेगी**

**पूर्व अग्निवीरों को 20% हॉरिजॉन्टल आरक्षण को मंजूरी**



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में कैबिनेट की बैठक हुई। करीब साढ़े तीन घंटे चली इस मीटिंग में 26 एजेंडों पर चर्चा हुई। इनमें से 22 को मंजूरी दे दी गई। मीटिंग के बाद सीएम सैनी ने मीडिया को कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। सीएम ने कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीतने वाली पैरा एथलीट शर्मिला धनखड़ को बधाई दी। उन्होंने बताया कि अग्निवीरों को सीधी भर्ती आरक्षण का लाभ मिलेगा। 20 फीसदी होरिजेंटल रिजर्वेशन मिलेगा। प्रॉपर्टी टैक्स पर नया फार्मूला लागू कर दिया गया है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक वाहन खरीद पर छूट मिलेगी। 30 लाख रुपये तक कीमत के ईवी में वाहन कर में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। 30 लाख रुपये से अधिक कीमत के ईवी पर 50 फीसदी छूट मिलेगी।

### 700 वीटा बूथ खुलेंगे, सेक्टर वाइज इन बड़े फैसलों पर मुहर

#### ई-वाहन



**इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी):** 30 लाख रुपये तक की कीमत वाले टू, थ्री और फोर व्हीलर के पंजीकरण पर मोटर वाहन कर में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

**महिला खरीदारों को अतिरिक्त लाभ:** महिलाओं के नाम पर पंजीकृत 20 लाख रुपये तक के नॉन-ट्रांसपोर्ट वाहनों की एक्स-शोरूम कीमत पर 1% अतिरिक्त कर छूट मिलेगी।

**सीएनजी वाहन:** सीएनजी वाहनों के पंजीकरण पर मोटर वाहन कर में मिलने वाली 20 प्रतिशत की मौजूदा छूट पहले की तरह जारी रहेगी।

#### अग्निवीर



इंडियन रिजर्व बटालियन, एसडीआरएफ, फायरमैन और वाइल्डलाइफ गार्ड के पदों पर हरियाणा निवासी पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत हॉरिजॉन्टल आरक्षण दिया जाएगा। इससे पूर्व सरकार ग्रुप- बी में 1%, ग्रुप-सी में 5%, पुलिस कॉन्स्टेबल में 20% और फ़ॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डर व माइनिंग गार्ड में 20% आरक्षण की व्यवस्था कर चुकी है।

#### लाल डोरा



**आबादी देह (लाल डोरा) क्षेत्र:** ग्रामीण लाल डोरा क्षेत्रों में ग्रामीणों को उनके मकानों का कानूनी मालिकाना हक दिया जाएगा।

**पीएमएवाई-यू 2.0:** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के लाभार्थियों के लिए 60 वर्गमीटर तक की आवासीय इकाइयों पर स्टांप ड्यूटी एवं पंजीकरण शुल्क में विशेष छूट दी गई है।

#### प्रॉपर्टी टैक्स



**चार श्रेणियों में विभाजन:** नगर निगमों, परिषदों और नगर पालिकाओं में संपत्ति कर निर्धारण के लिए नई प्रणाली लागू होगी। शहरों को ए1, ए2, बी और सी श्रेणियों में विभाजित कर प्लॉट/कारपेट एरिया, कॉलेक्टर रेट और फ्लोर फैक्टर के आधार पर टैक्स तय होगा।

**75% रिबेट:** नगरपालिका सीमा में आने वाले मौजूदा गांवों के लाल डोरा क्षेत्र के आवासीय मकानों को प्रॉपर्टी टैक्स में 75% छूट मिलेगी।

**विशेष छूट:** महिलाओं के नाम संपत्तियों पर 25%, दिव्यांगों की संपत्ति पर 10% और कचरा प्रबंधन अपनाने वाली सोसायटियों को 10% रिबेट दी जाएगी।

**टैक्स मुक्त श्रेणियां:** धार्मिक स्थल, अनाथालय, वृद्धाश्रम, श्मशान/कब्रिस्तान, धर्मशालाएं, सरकारी स्कूल/अस्पताल और कृषि भूमि संपत्ति कर से पूरी तरह मुक्त रहेंगे।

#### पुलिस हिरासत में मौत



पुलिस हिरासत, यातना, पिटाई, आत्महत्या या ड्यूटी में लापरवाही से हुई मौत के मामलों में पीड़ित परिजनों को 7.5 लाख मुआवजा मिलेगा। प्राकृतिक मृत्यु, बीमारी, हिरासत से भागने या प्राकृतिक आपदा में हुई मौत पर मुआवजा नहीं मिलेगा।

#### पटवारियों की ट्रेनिंग घटी



**नियमों में संशोधन:** 'हरियाणा राजस्व पटवारी सेवा नियम, 2011' में संशोधन को 1 जनवरी 2025 से लागू माना जाएगा।

**ट्रेनिंग अवधि:** अनिवार्य प्रशिक्षण 1.5 वर्ष से घटाकर 1 वर्ष (6 माह संस्थागत + 6 माह फील्ड ट्रेनिंग) कर दी गई है।

**वेतन लाभ:** अब पटवारियों को ट्रेनिंग के दौरान मामूली स्टाइपेंड की जगह पूरा नियमित वेतन मिलेगा।

#### प्रोग्रेसिव एमएसएमईएवं एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2026



**55,000 करोड़ का निवेश:** अगले 5 वर्षों में विनिर्माण क्षेत्र में 55,000 करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित करने और 5 लाख नए रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**निर्यात दोगुना:** राज्य के निर्यात को दोगुना करने के लिए ऑटोमोबाइल, ईवी, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल, फार्मा और एग्रो-प्रोसेसिंग को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार इसके लिए 'स्टेट वेंचर कैपिटल फंड' और 'क्रेडिट गारंटी फंड' की स्थापना करेगी।

**अल्पसंख्यक आयोग का गठन**

सीएम सैनी ने बताया कि राज्य में अल्पसंख्यक आयोग के गठन को मंजूरी दी गई है। आयोग में 1 अध्यक्ष, 5 गैर-सरकारी सदस्य और 1 सचिव होंगे (कार्यकाल- 3 वर्ष)। आयोग को सिविल कोर्ट जैसी शक्तियां प्राप्त होंगी, जो अल्पसंख्यक वर्ग की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उन्नति के लिए काम करेगा।



**उच्च शिक्षा को बढ़ावा**

सीएम सैनी ने बताया कि उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए रेवाड़ी जिले में 'कुसुम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी' स्थापित करने के लिए विधानसभा में बिल लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत ग्रोस इंरोलमेंट रेशो रेशो (जीईआर) को बढ़ाना है।



# गोल्डन गर्ल शर्मिला



## महेंद्रगढ़ की बेटी ने शॉट पुट में जीता स्वर्ण पदक

**एफ 57 इवेंट में जीता पदक**

**9.81 मीटर का थ्रो किया**

*पैरा खेलों में गोल्ड पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी*

ग्लास्गो। (भाषा) दो वर्ष की उम्र में पोलियो का शिकार हुई शर्मिला धनखड़ राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली पैरा एथलीट बन गई जिन्होंने महिला शॉट पुट एफ57 स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। चालीस वर्षीय शर्मिला ने 9.81 मीटर का सत्र का सर्वश्रेष्ठ थ्रो लगाकर स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के पैरा एथलेटिक्स पदक के 20 साल के इंतजार को खत्म किया। शर्मिला ने जीत के बाद कहा ,'' मैं बहुत खुश हूं । अभी तक विश्वास नहीं हो रहा है और दो तीन दिन लगेंगे । मेरी मां ने दुनिया से लड़कर मेरा सपना पूरा करने में मदद की।



शिल्पा शायला को कांस्य, 7.26 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया

अगला लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। इस स्पर्धा में एक और भारतीय खिलाड़ी शिल्पा शायला को विवाद के बाद कांस्य पदक प्रदान किया गया। शिल्पा ने 7.26 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था।

*(पैकेज खेल पेज पर)*

**2 साल की उम्र में हुई पोलियो की शिकार**

शर्मिला धनखड़ हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के चित्रौली गांव की रहने वाली हैं। 2 साल की उम्र में पोलियो की शिकार हो गई थीं, जिससे उनका एक पैर प्रभावित हो गया। पिता छोटे किसान थे और मां दृष्टिबाधित हैं।

**बेटियों ने बढ़ाया मान**

कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला पैरा शॉट पुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली शर्मिला और कांस्य पदक जीतने वाली शिल्पा को हार्दिक बधाई। आपकी यह शानदार उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

-कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व वित्तमंत्री

## बॉक्सिंग में दो मेडल, प्रीति-प्रिया सेमीफाइनल में



भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार और प्रिया घांघस ने कॉमनवेल्थ गेम्स के 5वें दिन मंगलवार को 2 मेडल पक्के कर लिए है। दोनों अपनी-अपनी वेट के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। हालांकि, परवीन हुड्डा को 65 किग्रा में पराजय झेलनी पड़ी। 22 साल की प्रीति ने 54 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में नॉर्दन आयरलैंड की खिलाड़ी निकोल क्लाइड को 5-0 से हराया। जबकि, प्रिया ने 60 किग्रा में स्कॉटलैंड की निया मिचेल को 4-1 से हराया। लवलीना बोरगोहेन पहले ही 75 किग्रा के टॉप-4 में जगह बना चुकी हैं।



## कुशारे को सिल्वर, 2.25 मीटर की जंप लगाई

भारत के सर्वेश कुशारे ने कॉमनवेल्थ गेम्स के पुरुष हाई जंप फाइनल में सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने 2.25 मीटर की जंप लगाई, लेकिन 2.28 मीटर की ऊंचाई पार करने की तीनों कोशिशें नाकाम रहीं। जमैका के रोमेन बेकफोर्ड ने काउंटबैक के आधार पर गोल्ड मेडल जीता, जबकि इंग्लैंड के किमानी जैक ने 2.20 मीटर की जंप के साथ ब्रॉन्ज अपने नाम किया। कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले भी सर्वेश शानदार फॉर्म में थे। इसी महीने मोनाको डायमंड लीग में उन्होंने 2.26 मीटर की जंप लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया था।

## खबर संक्षेप

### देव आनंद के बेटे सुनील आनंद का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड के एवरग्रीन स्टार दिवंगत देव आनंद के बेटे सुनील आनंद का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने लंदन में अंतिम सांस ली, जहां दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। उनकी पोती जीना नारंग ने इस दुखद खबर की पुष्टि करते हुए परिवार की ओर से शोक संदेश जारी किया।

### अमृतसर : नाबालिग की पीट-पीटकर हत्या

**अमृतसर।** 15 साल की नाबालिग लड़की की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसके मौसा ने भाई-बहन को जालंधर से अपने घर बुलाया, फिर चोरी का आरोप लगा लकड़ी को एक कमरे में बंद कर दिया। फिर उसने बाहर से दरवाजा बंद किया और लड़की को डंडों से जमकर पीटा। उसकी चीखें सुनकार भाई और मासी पहुंची और गेट खोलने को कहा, लेकिन आरोपी ने गेट नहीं खोला और लड़की को पीटता रहा।

## साइबर फ्रॉड करने वाला डाकू व लुटेरा नहीं मिलेगी जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में डिजिटल अरेस्ट (ऑनलाइन ठगी) के बढ़ते मामलों के बीच अब सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। कोर्ट ने इस मामले में अपना रुख साफ कर दिया है कि डिजिटल अरेस्ट घोटालों में शामिल किसी भी आरोपी को आसानी से जमानत नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने निचली अदालतों और हाईकोर्ट्स को निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों में केवल असाधारण कारणों पर ही जमानत पर विचार किया जाए, वरना राहत न दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पुलिस और जांच एजेंसियों को डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड के मामलों में सख्त से सख्त संगठित अपराध के कानून लगाने चाहिए। इन मामलों को आम धोखाधड़ी नहीं, बल्कि लूट और डकैती के बराबर माना जाना चाहिए।

**डिजिटल अरेस्ट ठगी में 'सुप्रीम' फैसला**

### जंतर-मंतर पर बल प्रयोग को लेकर कोर्ट में सुनवाई

## छात्रों को राहत मिले, दंगाइयों पर हो सख्ती : सुप्रीम कोर्ट

**छात्रों का आंदोलन शांतिपूर्ण था, यह उनका संवैधानिक अधिकार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि छात्रों का प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण था और प्रदर्शन करना उनका संवैधानिक अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग करने वालों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई होगी। साथ ही 18 साल से कम उम्र के उन प्रदर्शनकारियों को तुरंत रिहा करने का निर्देश दिया, जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि पहली नजर में स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की जरूरत दिखती है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस कार्रवाई को लेकर पहले दिए गए दिशा-निर्देशों को अब अपडेट करने का समय आ गया है। 2018 में बने नियम 2026 में कितने कारगर हैं, इसकी भी समीक्षा होनी चाहिए, ताकि प्रदर्शन शुरू होते ही पुलिस के तय प्रोटोकॉल तुरंत लागू हो सकें।



18 वर्ष से कम उम्र के प्रदर्शनकारियों को तुरंत रिहा करें

### उपद्रवियों की पहचान शुरू

दिल्ली पुलिस का दावा है कि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन में हत्या के 101 आरोपी शामिल हुए थे। इस प्रदर्शन में आए 2873 लोगों का क्रिमिनल रिकॉर्ड यानी आपराधिक रिकॉर्ड मिला, जिनमें 989 लोगों पर गंभीर मामले थे। इनकी पहचान फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) और अन्य तकनीकी माध्यमों से की गई। पुलिस का दावा है कि प्रदर्शन में शामिल हुए लोगों में हत्या, यौन अपराध, पॉक्सो, लूट समेत अन्य गंभीर मामलों के आरोपी हैं। सीजेपी ने 20 जुलाई संसद चलो मार्च निकाला था। इसमें पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज किया। 25 जुलाई की शाम को धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हो गया।

**सीजेपी के प्रदर्शन में हत्या के 101 आरोपी शामिल**

**2873 अपराधी, इनमें से 989 पर गंभीर मामले दर्ज**

### छात्रों पर कार्रवाई रुके, नहीं तो फिर आंदोलन करेंगे: दीपके

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने मंगलवार को कहा, 'अगर छात्रों के खिलाफ कार्रवाई नहीं रुकी तो, वे बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। इधर बिहार और महाराष्ट्र के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने भी नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों के खिलाफ केस वापसी का ऐलान किया है। गृह विभाग ने साफ किया कि प्रदर्शन में हुए शामिल जिन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, उन पर कार्रवाई नहीं होगी। कॉकरोच जनता पार्टी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया था। इस दौरान देशभर में प्रदर्शन हुए थे।

### संसद में पेपर लीक बिल पर चर्चा, तीखी बहस

लोकसभा में दोपहर 2 बजे से पेपर लीक से जुड़े 'पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' पर चर्चा हो रही है। विधेयक में 2024 में बने कानून में बदलाव का प्रस्ताव है। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा इससे पेपर लीक रोकने में मदद मिलेगी। लोकसभा में प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्री बनाने पर भी हंगामा हुआ। संसद के बाहर राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने रेपिस्ट की पैरवी करने वाले शख्स को शिक्षा मंत्री बनाया है। यही बात प्रियंका गांधी ने भी लोकसभा में कही, हालांकि उनकी टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया। सदन में प्रियंका की टिप्पणी के बाद सत्ता पक्ष ने हंगामा किया। रिजिजू, निशिकांत दुबे और जोशी ने विरोध किया और कहा कि प्रियंका ने जोशी का चरित्र हनन किया। प्रियंका इस बात का सबूत दें और माफी मांगे।

**राहुल बोले सरकार ने रेपिस्ट की पैरवी करने वाले शख्स को शिक्षा मंत्री बनाया, सत्ता पक्ष ने किया हंगामा**

*(संबंधित खबर पेज-5 पर)*

## महेंद्रगढ़ की पीएचडी स्कॉलर की पंजाब विवि में करंट से मौत

**गुस्साए स्टूडेंट्स गेट तोड़ वीसी ऑफिस में घुसे**

**परिजनों का शव लेने से इनकार अगले महीने होने वाली थी शादी**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** चंडीगढ़ स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू) में मंगलवार सुबह पीएचडी स्कॉलर युवती की करंट लगने से मौत हो गई। वह गर्ल्स हॉस्टल से अपने विभाग में पढ़ाई के लिए जा रही थी। इसी दौरान वह अचानक कच्चे रास्ते पर नीचे गिर पड़ी। यह देखकर स्टूडेंट्स उसे उठाने के लिए दौड़े। जब तक वह युवती को अस्पताल ले गए, उसकी मौत हो चुकी थी। मरने वाली युवती ज्योति (28) महेंद्रगढ़ के ककराला गांव की रहने वाली थी। अगले महीने उसकी शादी होने वाली थी। हादसे के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने वीसी प्रो. रेणु विज के कार्यालय का घेराव कर दिया। कुछ छात्र गेट तोड़कर अंदर घुस गए। हालात तनावपूर्ण होने पर कैंपस में चंडीगढ़ पुलिस तैनात करनी पड़ी। छात्राएं हॉस्टल के बाहर धरने पर बैठ गईं और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। चंडीगढ़ में रहने वाले मृतका के चाचा जितेंद्र ने कहा कि शव को हम तभी लेंगे, जब मौत के असली कारणों का पता चलेगा। *(पेज-4 भी देखें)*



### पानी में आया करंट अचानक गिरी

चंडीगढ़ पुलिस के मुताबिक ज्योति मंगलवार सुबह करीब 10 बजे गर्ल्स हॉस्टल नंबर 10 से पढ़ाई के लिए माइक्रोबायोलॉजी विभाग में जा रही थी। जब वह गर्ल्स हॉस्टल से बाहर निकली तो गर्ल्स हॉस्टल-8 और यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की रोड पर पानी भरा हुआ था। पानी से बचने के लिए वह उसके किनारे बने कच्चे रास्ते से जाने लगी। थोड़ी दूर जाने के बाद वह अचानक नीचे गिर पड़ी और करंट की चपेट में आ गई।

### 6.8 तीव्रता, 1.5 लाख को निकाला

## जापान में भूकंप से गिरा शॉपिंग मॉल, 50 लोग फंसे

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान के दक्षिणी कुमामोटो प्रांत में मंगलवार को 6.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। तेज झटकों के बाद काशिमा शहर स्थित एक शॉपिंग मॉल की दूसरी मंजिल ढह गई, जिससे 50 से ज्यादा लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक कई लोग घायल हुए हैं। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 4:27 बजे आया। इसका केंद्र जमीन से करीब 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन करीब एक घंटे बाद इसे वापस ले लिया गया। भूकंप के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर क्यूशू द्वीप के 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में जाने के निर्देश दिए हैं।



टोक्यो से 900 किमी दूर रहा केंद्र

### मौसम अलर्ट — यातायात व्यवस्था चरमराई, पंचकूला में पुल बहा, आज भी तेज बरसात

# 6 जिलों में तेज बारिश, दो फीट तक भरा पानी

हरिभूमि टीम ▸▸ हरियाणा

हरियाणा में मंगलवार को सुबह से लेकर दोपहर तक छह जिलों यमुनानगर, पंचकूला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार और भिवानी में तेज बारिश हुई। बारिश की वजह से कई जगह घटनाएं भी देखने को मिली। पंचकूला के पिंजौर के एचएमटी स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर के समीप बना वैकल्पिक पुल बह गया। इससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। वहीं, गुरुग्राम में जहां मुख्य मार्ग पर रोड दो-दो फीट तक भारी भर गया। फरीदाबाद के एनआईटी-86 इलाके में भी सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया, जिसमें एक ऑटो पलट गया। ड्राइवर ने पानी में कूदकर जान बचाई। बड़खल सरकारी स्कूल बारिश व नाले का पानी भरने से छुट्टी करनी पड़ी। फरीदाबाद के डबुआ इलाके में पार्क के पास जलभराव हो गया। इसमें कार बंद हो गई। इसके बाद धक्का देकर कार को पानी से बाहर निकाला।



### कई जगह हादसे

फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी में मॉडर्न तक्षशिला स्कूल के पास भरे पानी में ट्यूबवेल से करंट आ गया। इसकी चपेट में आने से दो कुत्ते ओर एक बछड़े की मौत हो गई। पता चलने पर लोगों ने बिजलीघर कॉल कर सप्लाई बंद कराई।

### मानसून में बिजली सुरक्षा को लेकर डीएचबीवीएन अलर्ट

मानसूनी बारिश को देखते हुए बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने बिजली सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संभावित खतरों की समय रहते पहचान कर उनका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

### जलभराव में परेशान हुए वाहन चालक

फरीदाबाद के डबुआ इलाके में पार्क के पास जलभराव हो गया। इसमें कार बंद हो गई। इसके बाद धक्का देकर कार को पानी से बाहर निकाला। इसके अलावा कई अन्य वाहन चालकों भी परेशानी हुई। वहीं, ओल्ड नगर निगम जोन के सामने रोड पर पानी भर गया। एक युवक इस जलभराव के बीच ही बैठ गया। काफी देर तक युवक ऐसे ही बैठा रहा।

### जून के बाद जुलाई में भी कम बारिश

आधा मानसून सीजन बीत चुका है। मगर, अब तक 134.8 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 27% कम है। जून के बाद जुलाई में भी कम बारिश हुई है। जुलाई में अब तक 95.8 मिमी. बारिश हुई है, जो सामान्य (130.2 मिमी.) से 26% कम है। आईएमडी के मुताबिक, 1 जून से 26 जुलाई 2026 तक कुछ जिलों में सामान्य या उससे अधिक बारिश हुई है, जबकि कई जिले अब भी सामान्य से काफी कम वर्षा का सामना कर रहे हैं।

## पीएम मोदी का वीडियो ब्लॉक करने पर मेटा ने मांगी माफी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक फेसबुक अकाउंट से एक वीडियो गलती से हटने पर माफी मांगी है और उसे वापस रीस्टोर कर दिया है। 28 जुलाई की तड़के फेसबुक पर पीएम मोदी के इस वीडियो का एक्सेस कुछ समय के लिए बाधित हो गया था, जिसे अब पूरी तरह से बहाल कर दिया गया है। यह वीडियो 23 जुलाई को जारी किया गया था, जो देश में जारी छात्र विरोध प्रदर्शनों के बीच जेन जी के नाम प्रधानमंत्री का पहला संबोधन था। इस संबोधन में पीएम मोदी ने आश्वासन दिया था कि कैबिनेट की बैठक में पेपर लीक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का ऐलान किया जाएगा। फेसबुक द्वारा वीडियो पर अस्थायी रोक लगाए जाने से पहले ही इसे लाखों लोग देख चुके थे। शुरुआत में प्लेटफॉर्म पर एक नोटिस दिखाई दे रहा था, जिसमें कहा गया था कि वीडियो को कानूनी अनुरोध के कारण प्रतिबंधित किया गया है।



मेटा ने कहा- फेसबुक से गलती से हटा

# GALGOTIAS UNIVERSITY

## Globally Ranked, Consecutively *for* 3 Years

Powered by Industry Led Advanced Labs, Career Focussed Courses & Innovation-Driven Learning with our Active Learning Model

Ranked 3rd AMONGST PRIVATE UNIVERSITIES IN UTTAR PRADESH
Ranked 46th AMONGST TOP PRIVATE AND GOVERNMENT UNIVERSITIES IN INDIA

Ranked 16th AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2027 RANKED 1201-1400

THE World University Rankings 2026

Ranked 27th AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES/ INSTITUTIONS IN INDIA.
Ranked 65th AMONGST TOP INDIAN GOVERNMENT & PRIVATE UNIVERSITIES/ INSTITUTIONS

THE World University Rankings Asia
Band 501-600 AMONGST THE TOP RATED GLOBAL UNIVERSITIES
OFFICIALLY REVEALED IN HONGKONG

## Launched India's Finest Active Learning Campus

G-SCALE
GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM

• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

Centre for Drone Intelligence & Simulation | Next Gen Structure and Smart Hydraulics Lab | Centre of Excellence - Tableau AI Data Lab | HP-Intel AI for Future Workforce Lab | Semiconductor Research Lab | Advanced EV Centre of Excellence by L&T EduTech




Powered By Industry Integrated Academic Centres




Centre for Supercomputing & Advanced AI Research anchored by NVIDIA DGX H200 GPUs | Advanced Geotechnical and Earth Science Centre | Centre for Design Thinking & Augmented Reality | TATA Technologies Learning Centre | Cisco Centre of Excellence | CodeXperience Centre by Capgemini

Batch 2026 Placement Highlights: 5500+ Placement Offers Secured as on date

| 526 | 228 | 205 | 119 | 188 | 91 | 61 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Students Placed in Infosys | Students Placed in Capgemini | Students Placed in cognizant | Students Placed in LTM | Students Placed in City Union Bank Ltd | Students Placed in accenture | Students Placed in EY |

GALGOTIAS INCUBATION CENTRE
FOR RESEARCH INNOVATION STARTUP & ENTREPRENEURS
Government of UP Recognized Incubator

INR 3 Crore raised by Cybergenix Security Pvt. Ltd., an incubated startup of Galgotias University in Cyber Security domain.

30+ Startups with Revenue | 135+ Startups supported till date | 3 Startups crossed 1 Crore Revenue | 40+ Active Startups | 61 Strategic partners

NAAC GRADE A+ Accredited University | nirf National Institutional Ranking Framework (NIRF) | Tech Alliance Partner aws

**APPLY TODAY FOR CAREER FOCUSSED 2026–27 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. PROGRAMMES**

Computer Science and Engineering | Electronics and Communication Engineering | Electrical Engineering | Mechanical Engineering | Civil Engineering | Computer Applications and Technology | Defence Technology | Artificial Intelligence | Quantum Technologies | Business | Aviation | Logistics and Supply Chain Management | Tourism Management | Liberal Education | Languages | Finance & Commerce | Basic Sciences | Biosciences and Technology | Forensic Sciences | Agriculture | Law | Pharmacy | Allied Health Sciences | Nursing | Media and Communication Studies | Hospitality | Design | Education | Polytechnic | Vocational Education | Skilling and Entrepreneurship

For Admissions Scan to Apply

GALGOTIAS UNIVERSITY

#GetYourSelfPlaced

Galgotias Admissions Helpline No.: 9810162221, 9717300418, 9582847072 | 97173 00343 | 0120-4370000

**Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

## पीयू में सड़क पर फैले पानी में करंट आने की आशंका

# पंजाब यूनिवर्सिटी में महेंद्रगढ़ की छात्रा की मौत पर हंगामा, वीसी ऑफिस घेरा

- मौत के असली कारणों का खुलासा होने तक शव लेने से किया इनकार
- माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग से कर रही थीं पीएचडी, अगले माह होनी थी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब यूनिवर्सिटी में मंगलवार सुबह महेंद्रगढ़ के ककराला गांव की पीएचडी स्कॉलर युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह गर्ल्स हॉस्टल से अपने विभाग माइक्रोबॉयोलॉजी में जा रही थी। सड़क पर पानी फैला होने की वजह से वह कच्चे रास्ते पर उतरी तो वह गिर पड़ी। आशंका जताई जा रही है कि पानी में करंट आने की वजह से वह उसकी चपेट में आई है। हालांकि पूरी जांच के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो पाएगी। वहीं, छात्रा ज्योति (28) की मौत से आक्रोशित विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी परिसर में जमकर हंगामा किया। उन्होंने वीसी प्रो. रेणु विज के कार्यालय का घेराव कर दिया। कुछ छात्र गेट तोड़कर अंदर घुस गए। हालात तनावपूर्ण होने पर कैंपस में चंडीगढ़ पुलिस तैनात करनी पड़ी। छात्राएं हॉस्टल के बाहर धरने पर बैठ गईं और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। चंडीगढ़ निवासी मृतका के चाचा जितेंद्र ने कहा कि शव को हम तभी लेंगे, जब मौत के असली कारणों का पता चलेगा।

पुलिस के मुताबिक ज्योति मंगलवार सुबह करीब 10 बजे गर्ल्स हॉस्टल नंबर 10 से पढ़ाई के लिए माइक्रोबायोलॉजी विभाग में जा रही थी। जब वह गर्ल्स हॉस्टल से बाहर निकली तो गर्ल्स हॉस्टल-8 और यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की सड़क पर पानी भरा हुआ था। पानी से बचने के लिए वह उसके किनारे बने कच्चे रास्ते से जाने लगी। थोड़ी दूर जाने के बाद वह अचानक नीचे गिर पड़ी। यह देख आसपास के स्टूडेंट्स वहां पहुंचे और उसे तुरंत अस्पताल ले गए लेकिन वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

एक छात्र ने बताया कि नॉर्थ और साउथ कैंपस के बाहर बारिश के बाद अक्सर पानी भर जाता है। इसी इलाके में गर्ल्स हॉस्टल है। उनका आरोप है कि बिजली के पोल में शॉर्ट सर्किट होने से करंट पानी में फैल गया और ज्योति उसकी चपेट में आ गई।


चंडीगढ़। ज्योति की मौत के रोषस्वरूप धरने पर बैठीं छात्राएं।



### जांच कमेटी बनाने का दिया आश्वासन

प्रदर्शन के बीच वीसी प्रो. रेणु विज छात्रों से मिलने पहुंचीं। उन्होंने पूरे मामले की जांच के लिए कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया। हालांकि छात्र आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए। उनका कहना है कि हर बार जांच का भरोसा दिया जाता है, लेकिन जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं होती। इस बार कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रहेगा। देर शाम तक छात्रों का प्रदर्शन जारी रहा।

# 3 शादियां कर 18 लाख ऐंठने वाली पकड़ी

- आरोप-पहले पतियों को भी दहेज प्रताड़ना व रेप केस में फंसवा चुकी है आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पुलिस ने एक रियल एस्टेट कारोबारी को शादी में फंसा कर 18 लाख रुपये लेने के मामले में युवती को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पति का आरोप है कि महिला पहले भी कारोबारियों को जाल में फंसाकर शादी कर चुकी है। इसके बाद एफआईआर दर्ज करवा कर उनसे लाखों रुपये ऐंठ लिए। आरोप है कि युवती अब तक कथित रूप से तीन शादियां कर चुकी हैं। किसी भी पति को तलाक नहीं दिया है। पहले 2 पतियों को दहेज प्रताड़ना और रेप केस में भी फंसा चुकी है। जब तीसरे पति को इसके बारे में पता चला उसने सेक्टर-65 थाना पुलिस को इसकी शिकायत दी।

शिकायत के अनुसार, भिवानी निवासी रियल एस्टेट कारोबारी संदीप कुमार ने बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर-65 में उनका ऑफिस है। 2023 में उन्होंने इंटरव्यू के माध्यम से सोनीपत की वर्षा को रिसेप्शनिस्ट नियुक्त किया था। बाद में वर्षा ने उसे फंसाना शुरू कर दिया और उन्होंने 27 जून 2023 को शादी कर ली। संदीप के अनुसार, शादी के बाद वर्षा ने मुझे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मेरे परिवार से दूर कर दिया। संदीप का कहना है कि जब मुझे वर्षा की पहली शादियों के बारे में बता चला तो उसने झूठे केस में फंसाने की धमकी देनी शुरू कर दी। केस से बचाने के लिए 18 लाख रुपये की मांग की। मैंने उसके अकाउंट में रुपये ट्रांसफर कर दिए। वहीं, बचाव पक्ष का कहना है कि यह मामला घरेलू विवाद का है, जिसे आपराधिक रंग दिया गया है।

## एटीएम काटकर 5.5 लाख चुराए

**फरीदाबाद।** सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में जेसीबी कंपनी के सामने स्थित कॉलोनी में लगे हिटाची के एटीएम को बदमाशों ने देर रात गैस कटर से काट दिया। चोर एटीएम के अंदर रखी करीब साढ़े 5 लाख की नगदी निकालकर मौके से फरार हो गए। सुबह जब स्थानीय लोगों ने एटीएम को क्षतिग्रस्त देखा तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस, क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं।

## अपहरण कर फिरौती लेने में 2 को आजीवन कारावास

**नूंह।** जिला एवं सत्र अदालत ने नौ साल पुराने अपहरण और फिरौती के मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. सुशील कुमार गर्ग की कोर्ट ने पलड़ी निवासी रति राम और चाहल्का निवासी मुबारिक को 8 लाख रुपये की फिरौती के लिए एक कारोबारी का अपहरण करने का दोषी ठहराया।महाराष्ट्र के अहमदनगर निवासी व्यवसायी संजय भगचंद असावा को इंडिया मार्ट के माध्यम से एक व्यापारिक सौदे का झांसा देकर हरियाणा बुलाया गया था। यहां उसका अपहरण कर 8 लाख रुपये वसूले गए थे।


### सूचना

मैं, होशियार सिंह पुत्र तारा चंद पुत्र गोपीराम निवासी गांव रिण्ढाना तहसील गोहाना, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र बिजेन्द्र व उसकी पत्नी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**भारत संचार निगम लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED**
**(A Govt Of India Enterprise)**

संख्याः BSNLCO-11/12(11)/3/2026-RECTT-CO (1)
भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) कार्यकारी निदेशक (नेटवर्क योजना और खरीद) और कार्यकारी निदेशक (नए व्यवसाय) के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि विस्तृत जानकारी एवं नवीनतम अद्यतनों के लिए बीएसएनएल की वेबसाइट www.bsnl.co.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।
बीएसएनएल निगम कार्यालय, नई दिल्ली
CBC-06204/12/0007/2627

**भारत संचार निगम लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED**
**(A Govt Of India Enterprise)**

संख्याः BSNLCO-11/12(11)/4/2026-RECTT-CO
भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) सीधे भर्ती योजना के तहत कंपनी सेक्रेटरी के पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।
इच्छुक अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत सूचना और आगे के अपडेट के लिए www.bsnl.co.in नियमित रूप से जाएं।
बीएसएनएल निगम कार्यालय, नई दिल्ली
CBC-06204/12/0009/2627

**भारत संचार निगम लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED**
**(A Govt Of India Enterprise)**

संख्याः BSNLCO-11/12(12)/1/2026-RECTT-CO
भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा बीएसएनएल कॉर्पोरेट, नई दिल्ली में **"अधिवक्ताओं/विधि फर्मों के पैनलीकरण"** हेतु आवेदन आंमत्रित किए जाते हैं।
इच्छुक अधिवक्ता/विधि फर्में विस्तृत जानकारी एवं अद्यतन सूचनाओं के लिए बीएसएनएल की वेबसाइट www.bsnl.co.in का अवलोकन करें।
बीएसएनएल निगम कार्यालय, नई दिल्ली
CBC-06204/12/0006/2627

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Kapil Rathi**
Additional District and Sessions Judge, Rohtak
**Randhir Singh S/o Sh. Ram Mehar**
**Vs.**
**Om Parkash S/o Sh. Raghvir**
CNR No. HRRH01-004678-2025
Next Date : 26.08.2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Om Parkash S/o Sh. Raghvir**
**R/o Pana Barsaan Village Baland District Rohtak**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **26.08.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Kapil Rathi Additional District and Sessions Judge, Rohtak
Dated, this day of 27.07.2026

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Neelam Jhajharia**
Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
**Hari Kishan son of Hukam Chand**
**Vs.**
**Bachan Singh son of Ram Sarup Singh son of Bihari**
CNR No. HRJR02-000395-2026
Case No. CS/265/2026
Next Date : 18.08.2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**3- Kamla D/o ram Sarup 10-Phoolpati Wd/o ramphal 13- Pushpa W/o Ravinder 16- Rajender S/o Parasram 20-Amir Singh S/o Shama 21- Ajit S/o Kishan through Lrs a- Annu b- Sumit c- Amit d- Shallu e- Rajwanti 22- Kalawati W/o Zile Singh 27- Hari Ram S/o Surat 29- Rajesh W/o Jai Bhagwan 30- Babli S/o Suresh 31- Ram Kishan S/o Hari Ram 32- Asha Devi W/o Dalip 33- Kashmir Devi W/o Krishan 34- Nafe Singh S/o Chandan Singh 36- Jaipal S/o Jage Ram 37- Same Ram S/o Milk Ram 38- Daya Wanti W/o Same Ram 39- Madhu Bala S/o Niranjan Kumar 41- Geeta D/o Bhagwan Dass 42- Kamlesh W/o Surjeet 43- Santosh W/o Krishan 44- Rajbala W/o Jagdish 45- Nirmala W/o Roop Chand 46- Suman W/o Ramesh Kumar all R/o Kacha Babra Road, Ward No 15, Jhajjar (Haryana)**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **18.08.2026 at 10:00 a.m.**
Sd/- Neelam Jhajharia Civil Judge (junior Division), Jhajjar
Dated, this day of 23.07.2026

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Mansi Gaur**
Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
**ROSHNI**
**Vs.**
**STATE OF HARYANA**
CNR No. HRSOA0-000368-2025
CASE No. CS/302/2025
Next Date : 09.10.2026
It is prayed that a decree for mandatory injunction by directing the defendants to enter the name of the plaintiff as Roshni in place of Dhanpati in the sale deed no. 9520 and a decree for permanent injunction restraining the defendants from mentioning the name of the plaintiff as Dhanpati in the revenue record on the basis of the sale deed dated 27.01.1995 illegally and forcibly for all times to come, may kindly be passed in favor of the plaintiff and against the defendants, in the interest of justice.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**5. General Public**
**Tehsil Ganaur, Distt. Sonipat, State Haryana, India**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **09.10.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
Dated, this day of 27.07.2026


### देश के टॉप-3 में शामिल भट्टू थाने में रिश्वत का एक और केस

# गवाही की एवज में एसआई 20 हजार लेते काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



एंटी करप्शन ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने मंगलवार दोपहर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए देश के शीर्ष-3 थानों में शुमार भट्टू कलां में तैनात सब-इंस्पेक्टर रामपाल को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सब-इंस्पेक्टर कोर्ट परिसर के बाहर एक ठेले पर बिरयानी खाते हुए रिश्वत की रकम ले रहा था, तभी इंस्पेक्टर मनमोहन सिंह के नेतृत्व में एसीबी की टीम ने उसे मौके पर ही धर दबोचा। एसीबी के इंस्पेक्टर मनमोहन सिंह ने बताया कि इस बारे गांव दहमान निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी। आरोप है कि उसके खिलाफ भूना थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में गवाही देने के एवज में 20 हजार रमें सौदा तय हुआ। एसीबी को शिकायत के बाद वह योजना अनुसार फतेहाबाद कोर्ट परिसर के पास गया। सब-इंस्पेक्टर रामपाल वहां ठेले पर बिरयानी खा रहा था और उसने शिकायतकर्ता के लिए भी बिरयानी ऑर्डर की। जैसे ही शिकायतकर्ता ने यह राशि एसआई के हाथ में थमाई, एसीबी की टीम ने उसे काबू कर लिया। गौरतलब है कि करीब एक माह पहले भी भट्टू थाना में तैनात एएसआई तलविंदर कौर को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद एसपी निकिता खट्टर ने बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर किए थे। तब एसआई रामपाल को भी करीब एक महीने पहले ही भूना थाने से बदलकर भट्टू थाने में लगाया गया था।

# थाने की रसोई में 10 हजार रिश्वत लेते एएसआई पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने करनाल के कुंजपुरा थाना में तैनात असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर अनुज को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पुलिसकर्मी पर जमीन के रास्ते से जुड़े एक विवाद में कार्रवाई करने के बदले रिश्वत वसूलने का आरोप है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी पुलिसकर्मी दो महीने पहले ही हेड कांस्टेबल से प्रमोट होकर एएसआई के पद पर तैनात हुआ था। रिंडल गांव निवासी शिकायतकर्ता ऋषिपाल ने बताया कि उनके गांव में जमीन के रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। इस संबंध में उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत दी थी। वहां उनसे आरोपी ने 20 हजार रुपये मांगे। ऋषिपाल के अनुसार, आरोपी अनुज ने दो बार में रिश्वत ली। 10 हजार एक दिन पहले दिए गए थे और 10 हजार कार्रवाई वाले दिन दिए। दोनों ही बार पैसे थाने के रसोईघर में दिए गए। बता दें कि इससे पहले भी कुंजपुरा थाने के दो अधिकारी रिश्वत लेने के आरोप में पकड़े जा चुके हैं।


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# रेवाड़ी में फ्लाईओवर की सीढ़ियों से गिरकर पूर्व फौजी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



सोमवार देर रात पाली गोठड़ा सैनिक स्कूल के पास फ्लाईओवर की सीढ़ियों से गिरकर आईआरबी फर्स्ट बटालियन गुरुग्राम में ग्रुप-डी कर्मचारी 46 वर्षीय मुकेश की मौत हो गई। वह मामड़यि आसमपुर का निवासी था। जांच अधिकारी अमलेश देवी ने बताया सीढ़ियों पर स्पॉट नहीं लगी हुई, जिस कारण उसके सीढ़ियों से गिरने का अनुमान है। मुकेश इससे पहले भारतीय सेना में तैनात था। उसके परिवार में पत्नी के साथ तीन बेटियां हैं।

# फरीदाबाद में 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते एक्सईएन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा स्टेट विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो ने हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के एक्सईएन दीपक गर्ग को 30 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर शिकायतकर्ता के लंबित बिलों का भुगतान जारी करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने शिकायत दी थी कि एचवीपीएनएल की टीएस डिवीजन, सेक्टर-23 में तैनात एक्सईएन दीपक गर्ग उसके लंबित बिलों का भुगतान जारी करने के एवज में 30 हजार की रिश्वत मांग रहा है। इसके बाद तय योजना के अनुसार ट्रैप लगाकर आरोपी को पकड़ा।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुर्सलिम उर्फ ढोला, पुत्रः कामिल, पताः म. नं. 269, गांव थारिया, सोनीपत, हरियाणा** ने **FIR No. 1) 147/2025, 2) 139/2026, U/s 33/38/58 D.Ex. Act, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुर्सलिम उर्फ ढोला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुर्सलिम उर्फ ढोला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1) 147/2025, 2) 139/2026, U/s 33/38/58 D.Ex. Act, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अभियुक्त **मुर्सलिम उर्फ ढोला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – श्री संयम जैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04, उत्तर–पश्चिम**
**DP/10406/NW/2026** **कमरा नं. 112, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | पुनः आमंत्रण, एसबीएम 2.0 यू के तहत एमसी महम में लिगेसी वेस्ट डम्प का बायो रिमेडिएशन वैज्ञानिक निपटान, (निविदा आईडी : 2026_HRY_532928_1)। | 25.07.2026 14.08.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 secymeham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47592/I/88/6 दि. 28.07.26


## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

# रोडरेज में ऑटो ड्राइवर की हत्या आरोपी कैब चालक गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** जिले के डूंडाहेड़ा इलाके में रोडरेज के एक मामले में ऑटो चालक की हत्या का मामला सामने आया है। राम चौक के समीप दो वाहन ड्राइवरों के बीच यह विवाद हुआ। अर्टिगा कार चालक ने लोहे की रॉड से इतना पीटा कि उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान अरविन्द (32) निवासी गांव तौली, रायबरेली, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई। वर्तमान में वह झाड़सा रहता था और ऑटो रिक्शा चलाता था। मृतक के भाई ने पुलिस को बताया कि जब वह हॉस्पिटल पहुंचा तो हॉस्पिटल में अरविंद होश में था, जिसने बताया कि एक गाड़ी चालक के साथ साइड दबाने को लेकर इसका झगड़ा हो गया था। झगड़े के दौरान उस गाड़ी चालक ने इसके सिर पर रॉड मारी। पुलिस ने आरोपी कैब चालक दलीप (32) निवासी विजय नगर, मोहन गार्डन, उत्तम-नगर को गिरफ्तार कर लिया है।

# चरित्र पर शक : गला घोंटकर पत्नी की हत्या

**गुरुग्राम।** एक व्यक्ति ने चरित्र पर शक के चलते अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली थी कि हेमंत नामक व्यक्ति अपनी पत्नी शालू को मृत अवस्था में लेकर आया है। भौंडसी थाना पुलिस जब अस्पताल पहुंची तो पति हेमंत ने बताया कि उसकी पत्नी की मौत पेट दर्द के कारण हुई है। हालांकि, पुलिस ने जब शव की जांच की तो महिला के गले पर संदिग्ध निशान पाए गए। जांच में सामने आया कि 27 जुलाई को चुन्नी से गला घोंटकर हत्या की गई थी। मृतका के पिता ने पुलिस को लिखित शिकायत दी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी शालू की शादी वर्ष 2025 में हुई थी। दोनों बेहलपा ग्रीन फार्म हाउस के पास एक खेत में मजदूरी करते थे। और वहीं रहते थे। 27 जुलाई की देर रात हेमंत ने शालू के पेट में तेज दर्द की झूठी सूचना दी थी।

## शब्द पहेली - 6301



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी-2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम-3
13. गंगा का पानी-4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन-4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना-4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

### शब्द पहेली- 6300 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प | रा | या | प | न | | म | च | ल | ना |
| सां | ग | | च | | का | ली | न | | त | ट |
| व | | त | क | रा | र | | का | ल | | की |
| ला | चा | र | | | दे | श | | त | न | य |
| प | | ती | | पा | ना | | गा | | क | |
| न | क | ब | ज | न | | चा | ल | च | ल | न |
| | हा | | मा | | च | र | | ह | | म |
| म | र | ना | | द | म | | | क | स | क |
| र | | श | क | | क | रा | ह | ना | | या |
| दू | ब | | ल | बा | दा | | रा | | या | त्रा |
| द | या | क | र | | र | च | ना | का | र | |



## चिंतन

# छात्रों का सम्मान, लेकिन दंगाइयों पर न बरतें नरमी

हाल ही में नीट पेपर लीक को लेकर छात्र आंदोलनों के दौरान हुई गिरफ्तारियों और पुलिस कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद संतुलित टिप्पणी की है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि जिन छात्रों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और जिन्हें केवल प्रदर्शन में भाग लेने के कारण हिरासत में लिया गया है, उन्हें तत्काल रिहा किया जाए। साथ ही, अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई गई है। यह फैसला लोकतंत्र, न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल छात्रों को राहत देने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि यह भी कहा कि प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिसकर्मियों दोनों के घायल होने की घटनाओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इसके लिए अदालत ने डिजिटल साक्ष्यों सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन रिकॉर्डिंग और अन्य रिकॉर्ड को भी सुरक्षित रखने का निर्देश देकर यह संदेश दिया है कि न्याय तथ्यों के आधार पर होना चाहिए, न कि आरोपों और राजनीतिक दावों के आधार पर। यदि किसी छात्र के साथ अन्याय हुआ है तो उसे न्याय मिलना चाहिए, लेकिन यदि किसी ने हिंसा, आगजनी या सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई भी होनी चाहिए। अदालत ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शनकारियों की निजी जानकारी या पहचान संबंधी विवरण किसी भी रूप में प्रकाशित नहीं की जाए। इससे शीर्ष कोर्ट ने स्पष्ट संदेश दिया है कि लोकतंत्र में विरोध का पूरा सम्मान है, लेकिन कानून से ऊपर कोई नहीं है। देश में पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और अनियमितताओं ने युवाओं का भरोसा कमजोर किया है। लाखों छात्र वर्षों की मेहनत के बाद परीक्षा देते हैं और जब उनकी मेहनत भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती है तो आक्रोश स्वाभाविक है। सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पारदर्शी और भरोसेमंद व्यवस्था बनाएं। वहीं, छात्रों को भी यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक विरोध का अर्थ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना या हिंसा का सहारा लेना नहीं है। शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतंत्र की ताकत है, जबकि हिंसा उसकी सबसे बड़ी कमजोरी। यह भी उतना ही आवश्यक है कि पुलिस कार्रवाई कानून के दायरे में रहे। यदि कहीं अनावश्यक बल प्रयोग हुआ है या निर्दोष छात्रों को निशाना बनाया गया है तो उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। दूसरी ओर, यदि जांच में यह सामने आता है कि हिंसा में बाहरी असामाजिक तत्व शामिल थे या कुछ लोगों ने आंदोलन की आड़ में अराजकता फैलाई, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई में किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। सबसे बड़ी चिंता यह है कि हर बड़े छात्र आंदोलन के बाद असली मुद्दा पीछे छूट जाता है और बहस केवल राजनीति, आरोप-प्रत्यारोप और पुलिस कार्रवाई तक सीमित होकर रह जाती है। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का संदेश स्पष्ट है कि निर्दोष छात्रों की स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा होनी चाहिए, लेकिन कानून तोड़ने वालों को संरक्षण नहीं मिल सकता। सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा प्रणाली इतनी मजबूत बने कि छात्रों को बार-बार सड़कों पर उतरने की नौबत ही न आए। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का सम्मान होना चाहिए, पर हिंसा और अराजकता को कभी भी आंदोलन का वैध माध्यम नहीं माना जा सकता। छात्रों को न्याय मिले, लेकिन दंगाइयों पर कानून की कठोरता भी उतनी ही दिखाई दे, यही न्याय, लोकतंत्र और सुशासन की वास्तविक कसौटी है।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

# भारतीय राजनीति का बदलता स्वरूप

भारत में सोशल मीडिया का स्वरूप अब महज एक-दूसरे से जुड़ने या तस्वीरें साझा करने के मंच तक सीमित नहीं रह गया है। यह आज राजनीतिक विमर्श, जनमत निर्माण और बड़े जन आंदोलनों का सबसे सशक्त और परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। कॉकरोच जनता पार्टी ने जिस तरह से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है, वह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि डिजिटल दुनिया किस प्रकार सड़क की राजनीति को गहराई से आकार दे रही है। इस आंदोलन ने यह पूरी तरह साबित कर दिया है कि युवाओं का असंतोष जब सोशल मीडिया के एल्गोरिदम और नेटवर्क के माध्यम से संगठित होता है, तो वह व्यवस्था के सर्वोच्च स्तर तक अपनी गूंज पहुंचा सकता है।

भारत में सोशल मीडिया का स्वरूप अब महज एक-दूसरे से जुड़ने या तस्वीरें साझा करने के मंच तक सीमित नहीं रह गया है। यह आज राजनीतिक विमर्श, जनमत निर्माण और बड़े जन आंदोलनों का सबसे सशक्त और परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। कॉकरोच जनता पार्टी ने जिस तरह से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है, वह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि डिजिटल दुनिया किस प्रकार सड़क की राजनीति को गहराई से आकार दे रही है। इस आंदोलन ने यह पूरी तरह साबित कर दिया है कि युवाओं का असंतोष जब सोशल मीडिया के एल्गोरिदम और नेटवर्क के माध्यम से संगठित होता है, तो वह व्यवस्था के सर्वोच्च स्तर तक अपनी गूंज पहुंचा सकता है।

इस पूरे घटनाक्रम में समर्थकों और विरोधियों के बीच जो तीखी बयानबाजी हुई, उसने आधुनिक लोकतंत्र में सूचना, तथ्य और दुष्प्रचार के बीच की लगातार धुंधली होती रेखा को भी पूरी तरह उजागर कर दिया है। कॉकरोच जनता पार्टी की शुरुआत एक व्यंग्यात्मक अभियान के रूप में हुई थी, जिसका प्रारंभिक उद्देश्य संभवतः व्यवस्था की खामियों पर हल्का कटाक्ष करना था। देखते ही देखते यह लाखों युवाओं की मुखर आवाज बन गया। इस अप्रत्याशित सफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण वह गहरी और संरचनात्मक निराशा थी जो आज के युवाओं में परीक्षा पत्र लीक होने, भर्ती प्रक्रियाओं में होने वाली घोर अनियमितताओं और लगातार बढ़ती बेरोजगारी को लेकर व्याप्त है। जब भारत के महत्वाकांक्षी युवाओं को पारंपरिक राजनीतिक ढांचे में अपने जीवन से जुड़े ज्वलंत सवालों के जवाब नहीं मिले, तो उन्होंने डिजिटल मंचों को अपना सबसे बड़ा हथियार बना लिया। इस आंदोलन ने शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल सुधार और रोजगार के समान अवसरों की मांग को इतनी मजबूती से उठाया कि सरकार को भी बचाव की मुद्रा में आना पड़ा। दिल्ली सहित कई अन्य बड़े शहरों में हुए विशाल प्रदर्शनों ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह केवल एक आभासी या डिजिटल आक्रोश नहीं था, बल्कि जमीन पर उबल रहा एक वास्तविक और तीव्र गुस्सा था, जिसने अंततः शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक की मांग को मुख्य राष्ट्रीय विमर्श में ला खड़ा किया। जैसे जैसे आंदोलन ने गति पकड़ी और इसका प्रभाव बढ़ने लगा, वैसे वैसे इसके विरोध में भी एक समानांतर और अत्यंत आक्रामक डिजिटल अभियान शुरू हो गया। सोशल मीडिया की यही मूल प्रकृति है कि यहां हर राजनीतिक क्रिया की एक त्वरित और अक्सर बहुत उग्र प्रतिक्रिया होती है। अनेक वायरल पोस्टों के माध्यम से आंदोलन के संस्थापकों और प्रमुख चेहरों पर अत्यंत गंभीर और संगीन आरोप लगाए जाने लगे। यह दावा बड़े पैमाने पर किया गया कि इस आंदोलन का वास्तविक संचालन विदेशों से हो रहा है और इसके पीछे भारत विरोधी विदेशी शक्तियों का हाथ है। कुछ दावों में तो यहां तक कहा गया कि इनके डिजिटल समर्थकों और फॉलोअर्स का एक बहुत बड़ा हिस्सा पड़ोसी देशों से संचालित हो रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी आरोप को तब तक सत्य नहीं माना जा सकता, जब तक कि उसके समर्थन में ठोस, निष्पक्ष और स्वतंत्र प्रमाण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध न हों। प्रमुख और विश्वसनीय समाचार संस्थानों ने भी इन आंकड़ों की कोई



पुष्टि नहीं की। ऐसे में, बिना किसी विश्वसनीय साक्ष्य के इन गम्भीर दावों को आंख मूंदकर स्वीकार कर लेना केवल राजनीतिक दुष्प्रचार को बढ़ावा देना है। सोशल मीडिया की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यहां किसी भी सत्यापित सत्य से अधिक भड़काने वाली भावनाएं तेजी से फैलती हैं। यदि कोई सूचना या दावा राष्ट्रवाद, धर्म, राष्ट्रीय सुरक्षा या किसी ऐतिहासिक अन्याय जैसे संवेदनशील विषयों से जुड़ा हो, तो उसके वायरल होने की गति कई गुना बढ़ जाती है। राजनीतिक दल, उनके सूचना तंत्र और विभिन्न हितधारक संगठन आम जनमानस के इस मनोविज्ञान को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। यही कारण है कि आज डिजिटल प्रचार और सूचनाओं का हेरफेर राजनीतिक रणनीति का एक अत्यंत अभिन्न अंग बन गया है। इस पूरी प्रक्रिया में अक्सर अपुष्ट और भ्रामक जानकारी इतने बड़े पैमाने पर और इतनी चतुराई से फैलाई जाती है कि एक आम नागरिक के लिए यह तय करना लगभग असंभव हो जाता है कि क्या सच है और क्या पूर्ण रूप से झूठ। भावनाओं के इस तेज ज्वार में तथ्य कहीं बहुत पीछे छूट जाते हैं, और हमारा समाज एक ऐसे अंधे ध्रुवीकरण की ओर बढ़ जाता है, जहां शांत और तार्किक बहस के लिए कोई स्थान नहीं बचता। इस पूरे राष्ट्रीय विवाद के दौरान सरकार और कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली एजेंसियों की भूमिका भी गहन जांच और चर्चा का विषय बनी रही। जब हजारों युवा अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे तो उन पर नजर रखने के लिए सरकार द्वारा ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे और अन्य अत्याधुनिक आधुनिक निगरानी प्रणालियों का व्यापक स्तर पर उपयोग किया गया। यह सच है कि आधुनिक समय में राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का उपयोग आवश्यक है, लेकिन इसका उपयोग नागरिकों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों को दबाने या उनकी निजता के हनन के लिए कतई नहीं किया जाना चाहिए। इस पूरे राजनीतिक विवाद का एक अत्यंत निराशाजनक पहलू सार्वजनिक संवाद और राजनीतिक भाषा के लगातार गिरते स्तर से जुड़ा हुआ है। सोशल मीडिया पर विरोधियों के खिलाफ जिस प्रकार की जहरीली भाषा का प्रयोग किया गया, वह किसी भी सभ्य और लोकतांत्रिक समाज के लिए बहुत ही चिंताजनक है। वैचारिक विरोधियों को नीचा दिखाने के लिए अत्यंत अपमानजनक शब्दों का लगातार इस्तेमाल और यहां तक कि उन्हें हिंसक तरीके से सबक सिखाने की खुली धमकियां आम हो गईं। लोकतंत्र में वैचारिक असहमति का होना न केवल स्वाभाविक है, बल्कि व्यवस्था को जीवंत बनाए रखने के लिए बहुत आवश्यक भी है। लेकिन जब यह असहमति व्यक्तिगत शत्रुता में बदल जाए और खुलेआम हिंसा का आह्वान होने लगे, तो यह हमारे महान लोकतांत्रिक मूल्यों का सीधा और स्पष्ट उल्लंघन माना जाता है। भारत का संविधान हर नागरिक को अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता का अधिकार देता है, लेकिन इस अधिकार के साथ यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी है कि हम कानून व्यवस्था का सम्मान करें। अंततः, इस पूरे बदलते राजनीतिक परिदृश्य में सबसे बड़ी और निर्णायक भूमिका युवाओं, आम नागरिकों और मुख्यधारा की मीडिया की ही रहने वाली है। भारत की एक बहुत बड़ी आबादी युवाओं की है, और यदि उनके रोजगार, निष्पक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़े बुनियादी सवालों को नीतिगत स्तर पर हल नहीं किया गया, तो ऐसे आंदोलन भविष्य में भी नए रूपों में जन्म लेते रहेंगे। आधुनिक लोकतंत्र की वास्तविक सफलता अब केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करती है कि हम सार्वजनिक विमर्श को कितनी जिम्मेदारी, तथ्यपरकता और परिपक्वता के साथ आगे बढ़ाते हैं।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. घनश्याम बादल




# राष्ट्र निर्माण का संकल्प दिवस बने गुरु पूर्णिमा

भारतीय संस्कृति में यदि किसी संबंध को सर्वाधिक पवित्र और जीवन-निर्माणकारी माना गया है तो वह है गुरु और शिष्य का संबंध। गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार, कर्तव्य और उत्तरदायित्व के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का उत्सव है। यह वह अवसर है जब हम उन गुरुओं को नमन करते हैं जिन्होंने अपने ज्ञान, तप, त्याग और चरित्र से केवल व्यक्तियों का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का निर्माण किया। गुरु को ही ब्रह्मा विष्णु और महेश मानने वाले भारत में महर्षि वेदव्यास की स्मृति में मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा हमें यह याद दिलाती है कि ज्ञान का प्रकाश ही अज्ञान के अंधकार को समाप्त करता है। भारतीय परंपरा में गुरु को ईश्वर से भी ऊंचा स्थान दिया गया है क्योंकि वही शिष्य को ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग दिखाता है। कबीर ने लिखा-

*गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय। बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय।*

केवल एक दोहा मात्र नहीं, बल्कि भारतीय चिंतन का सार है। प्राचीन भारत के गुरुकुल केवल शिक्षा के केंद्र नहीं थे, वे चरित्र, अनुशासन और राष्ट्रधर्म की प्रयोगशालाएं थे। महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, द्रोणाचार्य, सांदीपनि, चाणक्य जैसे गुरुओं ने केवल विद्वान ही नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्तित्व गढ़े जिन्होंने इतिहास की दिशा बदल दी। श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने में गुरु वशिष्ठ का योगदान था। श्रीकृष्ण ने गुरु सांदीपनि से जीवन का अनुशासन सीखा और चाणक्य ने चंद्रगुप्त मौर्य को तैयार कर भारत के राजनीतिक इतिहास को



नई दिशा दी। इन गुरुओं ने शिक्षा को कभी जीविका का साधन नहीं बनाया, बल्कि लोककल्याण का माध्यम माना। इस देश में प्राचीन काल में गुरु का दायित्व केवल शास्त्र पढ़ाना नहीं था। वह शिष्य के भीतर सत्य, करुणा, परिश्रम, राष्ट्रप्रेम, आत्मसंयम और न्याय जैसे मूल्यों का विकास करता था। शिक्षा का उद्देश्य नौकरी नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाना था। इसी कारण गुरुकुल से निकलने वाला विद्यार्थी समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनता था। लेकिन जैसे-जैसे समय बदला, समाज बदला और शिक्षा की संरचना भी बदल गई। आज गुरुकुलों का स्थान विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने ले लिया है। ज्ञान का विस्तार हुआ है, तकनीक ने शिक्षा को सुलभ बनाया है, लेकिन गुरु-शिष्य संबंधों की आत्मीयता कहीं न कहीं कमजोर हुई है। शिक्षा अब सेवा से अधिक व्यवसाय और प्रतिस्पर्धा का माध्यम बनती जा रही है। अंकों और प्रमाणपत्रों की दौड़ में व्यक्तित्व निर्माण का पक्ष अपेक्षाकृत पीछे छूट गया है। इसमें दो राय नहीं कि आज का शिक्षक अनेक प्रकार के दबावों से घिरा हुआ है। प्रशासनिक कार्य, परीक्षा व्यवस्था, डिजिटल रिपोर्टिंग, अभिभावकों की अपेक्षाएं और बाज़ारवादी शिक्षा व्यवस्था उसके मूल दायित्व को प्रभावित करती हैं। दूसरी ओर विद्यार्थियों की दुनिया भी मोबाइल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सोशल मीडिया और त्वरित सफलता की संस्कृति से संचालित हो रही है। ऐसे वातावरण में गुरु और शिष्य के बीच संवाद, विश्वास और आत्मीयता का दायरा सिमटता जा रहा है। फिर भी यह सच है कि समाज का भविष्य आज भी कक्षा में ही लिखा जाता है। इसलिए आज के आदर्श गुरु की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उसे केवल विषय विशेषज्ञ नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, प्रेरक, संवेदनशील नागरिक और नैतिक नेतृत्वकर्ता बनना होगा। उसे विद्यार्थियों को केवल परीक्षा की तैयारी नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करना भी सिखाना होगा। यदि शिक्षक समय का सम्मान करता है, सत्यनिष्ठ है, निष्पक्ष है और निरंतर अध्ययनशील है, तो उसके विद्यार्थी स्वतः ही उन गुणों को अपनाने लगते हैं। गुरु पूर्णिमा संदेश देती है कि राष्ट्र का भविष्य किसी संसद, न्यायालय या उद्योग में नहीं, बल्कि सबसे पहले कक्षा में तैयार होता है। जब गुरु ज्ञान के साथ संस्कार देगा, शिष्य श्रद्धा के साथ जिज्ञासा रखेगा और समाज शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सर्वोच्च माध्यम मानेगा, तभी एक सशक्त, संवेदनशील और नैतिक भारत का निर्माण संभव होगा। गुरु केवल पाठ पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि भविष्य का शिल्पकार है। इसलिए गुरु का सम्मान केवल परंपरा नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य में आस्था का सबसे बड़ा उत्सव होना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
**दर्शन**

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## भगवान को बिना खिलाए मंदिर से लौटना नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

एक ब्राम्हण था, भगवान श्री कृष्ण के मंदिर में बड़ी सेवा किया करता था। उसकी पत्नी इस बात से हमेशा चिढ़ती थी कि हर बात में वह पहले भगवान को लाता। भोजन हो, वस्त्र हो या हर चीज पहले भगवान को समर्पित करता । एक दिन घर में लड्डू बने। ब्राम्हण ने लड्डू लिए और भोग लगाने चल दिया। पत्नी इससे नाराज हो गई। कहने लगी कोई पत्थर की मूर्ति जिंदा होकर तो खाएगी नहीं जो हर चीज लेकर मंदिर की तरफ दौड़ पड़ते हो। अबकी बार बिना खिलाए न लौटना, देखती हूँ कैसे भगवान खाने आते हैं। बस ब्राम्हण ने भी पत्नी के ताने सुनकर ठान ली कि बिना भगवान को खिलाए आज मंदिर से लौटना नहीं है। मंदिर में जाकर भगवान के सामने लड्डू रखकर विनती करने लगा। एक घड़ी बीती। आधा दिन बीता, न तो भगवान आए न ब्राम्हण हटा। सभी कौतूहलवश देखने लगे कि आखिर होना क्या है। मक्खियाँ भिनभिनाने लगी, ब्राम्हण उन्हें उड़ाता रहा। मीठे की गंध से चीटियां भी चली आईं। ब्राम्हण ने उन्हें भी हटाया। ब्राम्हण ने उनको भी खदेड़ा। दिन ढल गया, शाम हो गई। न भगवान आए, न ब्राम्हण उठा। शाम से रात हो गई। धीरे-धीरे सब घर चले गए। ब्राम्हण को भी गुस्सा आ गया, लड्डू उठाकर बाहर फेंक दिए। ब्राम्हण पत्नी के ताने सुनकर सो गया। रात को सपने में भगवान आए। बोले- तेरे लड्डू खाए थे मैंने। बहुत बढिय़ा थे, कितने रूप धरने पड़े तेरे लड्डू खाने के लिए, मक्खी, चीटी, कुत्ता, भिखारी। पर तूने हाथ नहीं धरने दिया। दिन भर इंतजार करना पड़ा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**आंदोलन, नेतृत्व और लोकतंत्र**

लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, संवाद, असहमति और उत्तरदायित्व से भी संचालित होता है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आंदोलन सामाजिक चेतना का माध्यम होते हैं। वे सत्ता को आईना दिखाते हैं, जनता की पीड़ा को स्वर देते हैं और नीतिगत सुधारों का मार्ग प्रशस्त करते हैं। किंतु इतिहास यह भी बताता है कि हर आंदोलन स्वतः पवित्र नहीं होता और न ही हर आंदोलन संदेह से परे होता है।यदि किसी आंदोलन के उद्देश्य, नेतृत्व, वित्तीय स्रोत, संगठनात्मक संरचना और कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न उठते हैं, तो उनका उत्तर भी लोकतांत्रिक पारदर्शिता के साथ दिया जाना चाहिए। आंदोलन के विरुद्ध लगाए गए आरोपों का मूल्यांकन प्रमाणों के आधार पर होना चाहिए।

*-रुद्रांश, रोहतक*

## ट्रेंड

**शर्मिला को बधाई**



शर्मिला को महिलाओं के शॉट पुट एफ57 इवेंट में बेहद खास गोल्ड मेडल जीतने और सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने के लिए बधाई। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

**दिल्ली लक्ष्मी योजना**



'दिल्ली लक्ष्मी योजना' का पोर्टल 1 अगस्त से शुरू होगा। प्रक्रिया पूरी होने पर, रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को 2,500 की पहली किस्त जारी की जाएगी। यह बहनों के सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के प्रति एक संकल्प है।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

**छात्र आतंकवादी नहीं**



भाजपा को क्या हो गया है? बिहार में हमारे छात्रों पर ऐके-47 से गोलियां चलाई गईं। क्या ये छात्र आतंकवादी हैं? मैं सम्राट मोदी को याद दिलाना चाहता हूँ- लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में बिहार की धरती कभी इस नारे से गूंजी थी-"गद्दी छोड़ दो, क्योंकि जनता आ रही है।"

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**कोरी बयानबाजी**



प्रयागराज विरोध प्रदर्शन की आड़ में उत्तर प्रदेश पुलिस की विशेष टीम ने कई छात्रों को बिना नंबर वाली गाड़ी में उठा लिया है। क्या उत्तर प्रदेश पुलिस प्रधानमंत्री के आश्वासनों और वादों को कोरी बयानबाजी साबित करना चाहती है?

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# श्रीलंका के प्राचीन हिंदू मंदिर में अनुष्ठान की हुई शुरुआत

श्रीलंका के तटीय शहर देविनुवारा स्थित प्राचीन हिंदू मंदिर में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सदियों से चले आ रहे धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पूर्व में अंडरवर्ल्ड की धमकी की वजह से इस अनुष्ठान को रद्द कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि उथपालावाना श्री विष्णु मंदिर में एसाला पेराहेरा (धार्मिक जुलूस) के दौरान 'कावड़ी' अनुष्ठान की सुरक्षा के लिए विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के सदस्यों समेत लगभग 1,500 जवानों को तैनात किया गया है। ऐसी खुफिया जानकारी मिली थी कि भगोड़े मादक पदार्थ माफिया शेहान सथसारा और कांजीपनी इमरान के बीच जारी 'गैंगवार' की वजह से अनुष्ठान के दौरान हथियारबंद लोगों द्वारा या ड्रोन से हमला किया जा सकता है, जिसके बाद रविवार को पारंपरिक नृत्य कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था, लेकिन बाद में इसे फिर से शुरू किया गया। माना जाता है कि ये दोनों अपराधी विदेश से अपना नेटवर्क चला रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को 'कावड़ी' अनुष्ठान में शामिल लोगों की सुरक्षा जांच की गई और कुछ लोगों से मादक पदार्थ क्रिस्टल मेथामफेटामाइन (जिसे स्थानीय भाषा में 'आइस' कहा जाता है) और गांजा जब्त किया गया।



## ऑफ बीट

# क्या एआई सुलझा पाएगी प्राचीन भाषाओं की गुत्थी

आज तक जिन भी प्राचीन भाषाओं को पढ़ा और समझा जा सका है, उनके रहस्य सुलझाने के लिए शोधकर्ताओं को किसी न किसी आधार का सहारा मिला है। आमतौर पर यह आधार कोई द्विभाषी अभिलेख होता है, जैसे रोसेटा स्टोन, या फिर उससे मिलती-जुलती कोई ज्ञात भाषा, जिससे तुलना की जा सके, लेकिन कांस्य युग में यूनान के क्रीट द्वीप पर विकसित मिनोअन सभ्यता की लिपि 'लीनियर ए' के साथ ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। 'लीनियर ए' को भाषाविज्ञान में 'असंबद्ध भाषा' माना जाता है, क्योंकि इसका किसी ज्ञात जीवित या विलुप्त भाषा से अबतक कोई प्रमाणित संबंध स्थापित नहीं हो सका है। यही कारण है कि पिछले एक शताब्दी से यह भाषाविदों के लिए सबसे कठिन पहेलियों में से एक बनी हुई है। इसी तरह रोमन साम्राज्य के उदय से पहले प्रचलित रही इटली की 'एट्रस्कन' भाषा को समझने में भी केवल सीमित सफलता मिली है। कब्रों पर मिले छोटे-छोटे अभिलेखों के आधार पर इसका कुछ शब्दकोश तैयार किया जा सका है, लेकिन इसकी व्याकरण और गहरे अर्थ अब भी भाषाविदों की पकड़ से बाहर हैं। यही वे भाषाएं हैं, जिनकी पहेली सुलझाने में अब कृत्रिम मेधा (एआई) को भी शामिल किया जा रहा है।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com











# अभावों व संघर्षों को पछाड़ गोल्डन गर्ल शर्मिला ने जीता देश का दिल

## कॉमनवेल्थ गेम्स में सोना जीतकर महेंद्रगढ़ के गांव छितरौली की बेटी धनखड़ ने रचा इतिहास

## 26 साल की उम्र में पहले पति ने मारपीट कर घर से निकाला, 28 की उम्र में दूसरी शादी की

## दूसरे पति ने दिया सहारा और अब जीत लिया पदक

दलीप सिंह दीक्षित ▶▶| कनीना

दो साल की उम्र में पोलियो की मार, घरेलू हिंसा का दर्द और दो बेटियों की परवरिश के लिए मेड, क्लीनर व सिक्योरिटी गार्ड तक की नौकरी की। जिंदगी ने शर्मिला धनखड़ की हर कदम पर परीक्षा ली, लेकिन उन्होंने हार मानने के बजाय अपने संघर्ष को ताकत बना लिया। बेहद गरीब परिवार से आने वाली शर्मिला को कई सालों तक दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया था। जब वह 26 साल की थी तो उनके पहले पति ने मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया। उस समय तक उनकी दो बेटियां हो चुकी थी। पहले पति से तिरस्कार सहने के बाद शर्मिला अपने दोनों बच्चों को लेकर पिता के घर लौट आईं। इसके बाद परिवार के मजबूत सहारे से उन्होंने अपनी जिंदगी को फिर से संवारा और दूसरी शादी की।

खास खबर



### भाई चलाता है ऑटो, पिता की हो चुकी मौत

गांव छितरौली के सरपंच प्रतिनिधि बलवान आर्य ने बताया कि तीन साल पहले शर्मिला के पिता की मौत हो चुकी है। घर में मां संतोष देवी हैं, जो दृष्टिहीन हैं। परिवार में तीन बहनें और एक भाई मोनू है। पिता का साया उठने के बाद और नेत्रहीन मां की देखभाल के साथ-साथ परिवार के भरण-पोषण की पूरी जिम्मेदारी भाई मोनू के कंधों पर आ गई। आज मोनू दिन-रात ऑटो चलाकर किसी तरह अपने परिवार का पेट पाल रहा है। चारों बहन भाई शादीशुदा हैं।

### दो साल की उम्र में पोलियो हुआ, मां नेत्रहीन

महेंद्रगढ़ में कनीना उपमंडल के गांव छितरौली में पली-बढ़ीं शर्मिला की परवरिश सूखे से प्रभावित इलाके में उनकी नेत्रहीन मां और किसान पिता ने की थी। वह तीन बेटियों में दूसरे नंबर पर थीं। दो साल की उम्र में, उन्हें पोलियो हो गया, जिससे उनका बायां पैर हमेशा के लिए खराब हो गया।

### पैरा एथलेटिक्स में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी

ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं की शॉट पुट एफ-57 स्पर्धा में 9.81 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीत लिया। इसके साथ ही वह राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में पैरा एथलेटिक्स में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। उनकी यह उपलब्धि भारत के लिए 20 साल बाद पैरा एथलेटिक्स का पहला कॉमनवेल्थ पदक भी है। शर्मिला की कहानी बताती है कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, अटूट हौसला और दृढ़ संकल्प हर मंजिल को संभव बना सकते हैं।

### लौटने पर गांव में होगा शानदार स्वागत

गांव के सरपंच प्रतिनिधि बलवान आर्य ने बताया कि शर्मिला की इस ऐतिहासिक और जज्बे से भरी उपलब्धि पर उनके पैतृक गांव छितरौली में खुशी की लहर है। उनके गांव में लौटने के बाद शानदार स्वागत किया जाएगा। वहीं, ग्रामीण रामनिवास धनखड़ ने बताया कि 8 अगस्त के बाद जब देश की यह चैंपियन बेटी वतन वापस लौटेगी और ज्यों ही गांव पहुंचेगी, तो उसका अभूतपूर्व और ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया जाएगा। शर्मिला धनखड़ की यह स्वर्णिम जीत पूरे समाज के लिए एक मिसाल है, जो यह साबित करती है कि अगर हौसलों में जान हो, तो परिस्थितियां कभी भी कामयाबी का रास्ता नहीं रोक सकतीं।

### 18 साल की उम्र में पहली शादी

18 साल की उम्र में उनकी शादी एक ऐसे घर में हुई जहां उनके साथ बुरा बर्ताव किया जाता था, उन्होंने कई सालों तक शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना सही। उस दौरान, कई बार उनके मन में अपनी जान देने का ख्याल आया। 26 साल की उम्र में पहले पति की प्रताड़ना से तंग आकर उसने सामाजिक रूप से तलाक ले लिया। 28 साल की उम्र में उन्होंने दूसरी शादी की और उनके पति अजीत सिंह ने उन्हें पैरा-एथलेटिक्स में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करके उनकी जिंदगी में एक बड़ा बदलाव लाया और अब उसने कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया।

### अब रेवाड़ी में पति के साथ रहती है शर्मिला

शर्मिला अब रेवाड़ी जिले के एक गांव में शादीशुदा हैं। एक तरफ ससुराल की जिम्मेदारियां और दूसरी तरफ मायके की घोर आर्थिक तंगी इन विपरीत और मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद इस होनहार बेटी ने अपने सपनों को कभी मरने नहीं दिया। तमाम अभावों के बोझ तले दबने के बजाय, शर्मिला ने खेल के मैदान में पसीना बहाया और अपने दृढ़ संकल्प से वह मुकाम हासिल किया, जिस पर आज हर ग्रामीण और देशवासी को गर्व है।




## खबर संक्षेप



### विश्व स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिपः मलेशिया से हारी महिला टीम

**नई दिल्ली।** हाल ही में विश्व जूनियर चैंपियन बनी अनाहत सिंह ने अपना मुकाबला तो जीत लिया, लेकिन भारत की अन्य खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, जिससे महिला टीम को कनाडा के ओंटारियो में चल रही विश्व स्क्वाश जूनियर टीम चैंपियनशिप में मलेशिया से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के पहले दो मैच हारने के बाद अनाहत ने अंतिम मैच में व्हिटनी विल्सन को 11-2, 11-4, 11-5 से आसानी से हरा दिया। रुद्र सिंह पहले मैच में हरलीन टैन से 5-11, 4-11, 6-11 से हार गई जबकि अनिका दुबे को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में ये सान ली से 8-11, 11-8, 11-8, 10-12, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा।

### आईएसएसएफ : सोनम और हिमांशु ने जीता कांस्य



**हांगझोउ।** राइफल निशानेबाज सोनम उत्तम मस्कर और हिमांशु ढिल्लो ने आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता। भारत के अब इस विश्व कप में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हो गए हैं। सोनम ने 317.2 और हिमांशु ने 317.4 स्कोर किया और दोनों का कुल स्कोर 634.6 रहा। फाइनल में सोनम और हिमांशु ने 441.2 अंक बनाकर चीन वन और चीन टू के बाद कांस्य पदक हासिल किया। इलावेनिल और पार्थ चौथे स्थान पर रहे।

### 2 अगस्त को सोल्जरथॉन राष्ट्रपति दिखाएंगी हरी झंडी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 2 अगस्त को राष्ट्रपति के अंगरक्षकों की 253 साल पुरानी विरासत का जश्न मनाने के लिए आयोजित होने वाली पहली सोल्जरथॉन को हरी झंडी दिखाएंगी। सोल्जरथॉन का उद्घाटन कारगिल युद्ध के 27 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भी किया जाएगा। आयोजकों ने कहा, 'सोल्जरथॉन में अनुभवी धावक, परिवार, छात्र, संस्थान और कॉरपोरेट टीम भाग ले सकती हैं। इसमें 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की जाएगी। इस दौरान भारतीय सेना सैन्य प्रदर्शन भी करेगी।

# श्रीलंका टेस्ट के लिए टीम का ऐलान सारांश को मौका, जडेजा की वापसी

**पहला टेस्ट 15 से 19 तक गॉल और दूसरा 23 से 27 अगस्त तक कोलंबो में खेला जाएगा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चयनकर्ताओं ने अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। दो टेस्ट मैच की यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। पहला टेस्ट 15 से 19 अगस्त तक गॉल में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 23 से 27 अगस्त तक कोलंबो (एसएससी) में होगा। इस श्रृंखला की तैयारी के लिए भारत 7 अगस्त से चार दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलेगा। मध्यप्रदेश के अनुभवी ऑफ स्पिनर सारांश जैन को श्रीलंका में होने वाली श्रृंखला के लिए पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया। हमने रविवार को खुलासा कर दिया था कि वाशिंगटन सुंदर के चोटिल होने के कारण उनकी जगह 33 वर्षीय सारांश को भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। वहीं जडेजा की टीम में वापसी हुई है।

### घरेलू क्रिकेट में सारांश का शानदार प्रदर्शन

वाशिंगटन की अनुपस्थिति में शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को दाएं हाथ के उंगली के स्पिनर (ऑफ स्पिनर) की जरूरत थी, इसी वजह से सारांश को टीम में शामिल किया गया है। चंद्रकांत पंडित की कोचिंग में मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी विजेता टीम के प्रमुख सदस्य रहे लंबे कद के ऑफ-स्पिनर सारांश ने हाल ही में भारत ए के श्रीलंका दौरे के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए दो मैचों में छह विकेट लेने के साथ एक पारी में नाबाद 70 रन भी बनाए थे। रविंद्र जडेजा और मानव सुथार दोनों बाएं हाथ के परंपरागत (ऑर्थोडॉक्स) स्पिनर हैं जबकि कुलदीप यादव बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर हैं, ऐसे में चयनकर्ताओं ने स्पिन विभाग में विविधता लाने के लिए ऑफ स्पिनर के रूप में सारांश का चयन किया।




### बुमराह और सुदर्शन टीम में शामिल

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान संन्यास लेने वाले आर अश्विन की जगह टीम में शामिल किए गए मुंबई के ऑलराउंडर तनुष कोटियन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए, जिससे उन्हें चयन समिति का समर्थन नहीं मिला। टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों का चयन अपेक्षित था। श्रीलंका ए के खिलाफ मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट लेने वाले दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने अपनी जगह बरकरार रखी है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बल्लेबाज साई सुदर्शन को फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया है। टीम के श्रीलंका रवाना होने से पहले इस महीने के अंत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में उनकी फिटनेस का आकलन किया जाएगा।



### टीम इस प्रकार

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन।

# भिवानी की प्रीति और प्रिया ने कर दिया कमाल, बॉक्सिंग में दो और मेडल पक्के

## दोनों सेमीफाइनल में पहुंची, प्रदेश में जश्न का माहौल

**रोहतक।** ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। 28 जुलाई को भारत की स्टार बॉक्सर प्रीति पवार और प्रिया घनघस ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इसके साथ ही दोनों ने भारत के लिए कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्का कर दिया है। अब दोनों की नजरें फाइनल में पहुंचकर गोल्ड की दौड़ में बने रहने पर होंगी। इससे पहले स्टार बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन भी भारत के लिए एक मेडल पक्का कर चुकी हैं।

### प्रीति ने दर्ज की शानदार जीत

वर्ल्ड रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज प्रीति ने महिलाओं के 54 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में नॉर्दर्न आयरलैंड की निकोल क्लाइड को पूरी तरह से दबाव में रखा। भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज अपनाया और शानदार पंचों व बेहतरीन फुटवर्क के दम पर मुकाबले पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। प्रीति के सटीक पंच और शानदार डिफेंस के आगे निकोल बेबस नजर आईं। सभी पांच जजों ने मुकाबला प्रीति के पक्ष में 30-25, 30-25, 30-26, 30-26 और 30-27 के स्कोर से दिया। इस दमदार जीत के साथ प्रीति ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर भारत के लिए एक और मेडल सुनिश्चित कर लिया। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला 31 जुलाई को भारतीय समयानुसार दोपहर 3:15 बजे जाम्बिया की कैथरीन म्वापे से होगा।






### प्रिया घनघस ने वापसी कर पलटा मैच

महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग में वर्ल्ड नंबर-4 प्रिया घंघास ने स्कॉटलैंड की नियाम मिशेल को रोमांचक मुकाबले में 4-1 के स्प्लिट डिसीजन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुकाबले की शुरुआत प्रिया के लिए अच्छी नहीं रही। पहले राउंड में घरेलू दर्शकों के समर्थन से खेल रहीं मिशेल ने बढ़त बना ली थी। लेकिन दूसरे राउंड में प्रिया ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबले का रुख बदल दिया। इस दौरान दोनों मुक्केबाजों को एक-एक पॉइंट की कटौती भी झेलनी पड़ी। निर्णायक तीसरे राउंड में प्रिया ने अपना बेहतरीन खेल दिखाया। उनके सटीक और असरदार पंचों ने सभी पांच जजों को प्रभावित किया और भारतीय मुक्केबाज ने मुकाबला अपने नाम कर लिया।




### अजय बाबू सिर्फ एक किलो से गोल्ड चूके

अजय बाबू वल्लुरी ने पुरुष 79 किलोग्राम वेटलिफ्टिंग इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। आंध्र प्रदेश के इस युवा वेटलिफ्टर ने कुल 330 किलोग्राम (149+181) वजन उठाया और गोल्ड से महज 1 किलोग्राम पीछे रह गए। मलेशिया के एरी हिदायत मुहम्मद ने 331 किलोग्राम के गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता, जबकि इंग्लैंड के क्रिस मरे 325 किलोग्राम के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीत सके। अजय ने स्नैच में 149 किलोग्राम वजन उठाकर गेम्स रिकॉर्ड बनाया और इस राउंड के बाद पहले स्थान पर रहे।

### तैराकी : बैकस्ट्रोक सेमीफाइनल में श्रीहरि

**ग्लास्गो।** भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों की तैराकी स्पर्धा में 100 मीटर बैकस्ट्रोक सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अनुभवी साजन प्रकाश क्वालीफाइंग राउंड में हीट (शुरुआती दौर) से ही बाहर हो गए। नटराज 55.58 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में पांचवें और कुल 13वें स्थान पर रहे। नटराज का 50 मीटर के बाद टाइमिंग 26.26 सेकंड था। उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 53.77 सेकंड है, जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। 25 वर्ष के नटराज भारत की चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम में भी थे, जो फाइनल में छठे स्थान पर रही थी।




## एशियाई और 2028 ओलंपिक खेलों पर फोकस

# अनाहत ने ओलंपिक के लिए पढ़ाई टाली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व जूनियर चैंपियन स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने खुलासा किया है कि उन्होंने 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए तैयारियों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने की योजना फिलहाल टाल दी है। अनाहत भी अपनी बड़ी बहन अमीरा के नक्शेकदम पर चलकर हार्वर्ड में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहती है। लेकिन अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में विश्व जूनियर चैंपियन बनने के बाद यह 18 वर्षीय खिलाड़ी अपना सारा ध्यान इस साल होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारी में लगाना चाहती है।



### सिंधू को मानती हैं आदर्श

अनाहत ने कहा- पीवी सिंधू को अपना आदर्श मानती हैं, जो उन लोगों में शामिल थीं जिन्होंने ओंटारियो में उनकी ऐतिहासिक जीत पर सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी थी। पीवी सिंधू से बधाई संदेश मिलना महत्वपूर्ण था। मैं लगभग चार या पांच साल की उम्र से उनका अनुसरण कर रही हूं और जब से मैंने खेल जगत में कदम रखा है, वह मेरे लिए प्रेरणा रही हैं।' उन्होंने कहा, 'मिस्र का बुनियादी ढांचा बहुत अच्छा है और इसलिए वह सर्वश्रेष्ठ है। पिछली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप मिस्र में हुई थी पर मैं उनकी तैयारी को देखकर हैरान थी। वे रात 10-11 बजे तक खेल रहे थे।'

### पढ़ाई की जगह खेल को तवज्जो

अनाहत ने कहा, 'मुझे इस साल कॉलेज जाना था, लेकिन एशियाई खेलों के कारण मैंने एक साल का ब्रेक लेने का फैसला किया। अब मुझे समझ आ गया है कि लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारियों के लिहाज से यह साल मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'मेरे कहने का मतलब यह है कि मैं इस साल पढ़ाई के बजाय अपने खेल पर ध्यान देना चाहती हूं। मैं इस साल सिर्फ स्क्वाश पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं और यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि ओलंपिक में भाग लेने से पहले मैं अपने चरम पर रहूं।'' विश्व जूनियर चैंपियन बनने के बाद अनाहत का लक्ष्य अब सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियाई खेल हैं।

# ताइपे ओपन : रौनक दूसरे दौर में रित्विक, शंकर-तुषार बाहर

## भारतीय खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन



**ताइपे सिटी।** भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वालीफायर में निराशाजनक रहा। केवल रौनक चौहान ही पुरुष एकल क्वालीफाइंग राउंड के दूसरे दौर में पहुंच पाए। क्वालीफायर में दूसरी वरीयता प्राप्त चौहान ने कनाडा के जोशुआ गुयेन को 21-15, 21-11 से हराया। उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ से होगा। रौनक को छोड़कर पुरुष एकल क्वालीफायर में भाग लेने वाले अन्य सभी भारतीय खिलाड़ी पहले दौर में ही बाहर हो गए।

### तुषार सुवीर ने पेश की कड़ी चुनौती

रित्विक संजीव जापान के क्वालीफायर में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रिकी ताकेई से 10-21, 11-21 से, जबकि शंकर सुब्रमण्यम अमेरिका के गैरेट टैन से 17-21, 10-21 से हार गए। तुषार सुवीर ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ से 19-21, 21-16, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा।

**उत्तर रेलवे**

**अम्बाला मंडल, उत्तर रेलवे में एन.एस.जी–5 तथा एनएसजी–6 श्रेणी के स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट" को तीन वर्ष के लिये अधिकृत करने के लिए निविदाएं आमत्रित करना।**

भारत के राष्ट्रपति की और से प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे , अम्बाला छावनी द्वारा मोहरबंध निविदाय इछुक उम्मीदवारों से स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति हेतु 03 वर्षो की अवधि के लिए आमंत्रित किये जाते है।

| | |
|---|---|
| 1. NIT संख्या एवं दिनाक: | C-37/BKG/STBA/Policy/Pt.11/2021 dt 24/07/2026 |
| 2 रेलवे की वेबसाइट: | www.nr.indianrailways.gov.in |
| 3 निविदा पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि: | 22.07.2026 |
| 4 निविदा पत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि: | 18.08.2026 को 14:00 बजे |
| 5 निविदा पत्र जमा करने की तिथि एवं स्थान: | 18.08.2026 को 10:00 बजे से 15:00 बजे तक |
| 6 निविदा पत्र खुलने की तिथि एवं स्थान: | 18.08.2026 को 15:30 बजे ( 0/0 प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अम्बाला छावनी, हरयाणा–133031) |
| 7 स्टेशन के नाम: | तपा, दप्पर, बल्लूआणा, लेहरागागा, कीरतपुर साहिब, चंडी मंदिर (NSG–6 श्रेणी के स्टेशन) – 24 घंटे ड्यूटी। संगरूर, सुनाम ऊधम सिंह वाला, दौलतपुर चौक, अंबाला सिटी, बरनाला, मंडी गोबिंदगढ़, नाभा, रामपुरा फूल (NSG-5 श्रेणी स्टेशन) – चौबीसों घंटे. |
| 8 निविदा पत्र का मूल्य (गैर वापसी ) | : रु. 1000/– पर +18% जीएसटी सहित कुल रु.1180/–की डिमांड ड्राफ्ट, जो सीनियर डिविजनल फाइनेंस मैनेजर, नॉर्दर्न रेलवे, अंवाला कैंट के पक्ष में देय हो। नोट: डीडी क्रेता (Purchaser) का नाम और STBA के लिए आवेदन करने वाले आवेदक का नाम एक ही होना चाहिए। किसी अन्य व्यक्ति के खाते से जमा की गई डीडी के कारण आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा। |
| 9 ध्यान धरोहर राशि (वापसी योग्य): | NSG-6 स्टेशनों के लिए रु. 2000/– तथा NSG-5 स्टेशन के लिए रु.5000/– जो सीनियर डिविजनल फाइनेंस मैनेजर, नॉर्दर्न रेलवे, अंवाला कैंट के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा किए जाएँ। नोट:–डीडी क्रेता (Purchaser) का नाम और STBA के लिए आवेदन करने वाले आवेदक का नाम एक ही होना चाहिए। किसी अन्य व्यक्ति के खाते से जमा की गई डीडी के कारण आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा। |

No. C-37/BKG/STBA/Policy/Pt.11/2021 Date: 24.02.2026 2597/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रक्षा मंत्री ने नीतिगत सुधारों का अनावरण किया

## भारतीय तटरक्षक बल कर्मियों के लिए खुशखबरी

समुद्र में लापता कर्मियों के लिए अनुग्रह राशि देने की प्रक्रिया को सरल बनाया

पहल से नारी शक्ति को राष्ट्र के समुद्री सुरक्षा तंत्र में समान अवसर मिलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए दो महत्वपूर्ण नीतिगत सुधारों का अनावरण किया है। इनका उद्देश्य अधिकारियों की भर्ती और सेवा शर्तों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और ड्यूटी के दौरान समुद्र में लापता हुए कर्मियों के परिवारों को अनुग्रह राशि प्रदान करने की प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, आईसीजी के महानिदेशक परमेश शिवमणि और अन्य वरिष्ठ अधिकारी नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### आईसीजी के असाधारण सेवा को सराहा



नीति सुधारों का अनावरण करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने पिछले पांच दशकों में आईसीजी की असाधारण सेवा की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ये दूरदर्शी नीतियां बल के मनोबल और प्रचालनगत क्षमता को और सुदृढ़ करेंगी, क्योंकि यह 2027 में अपनी स्वर्ण जयंती की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के आईसीजी को एक आधुनिक, सक्षम और भविष्य के लिए तैयार समुद्री बल के रूप में मजबूत करने के संकल्प की पुष्टि की।

### भारतीय सेना में बनेगी बस्तर रेजिमेंट!

भारतीय सेना में एक नए रेजिमेंट की स्थापना हो सकती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा को मंगलवार को एक जवाबी पत्र लिखकर यह भरोसा दिलाया है कि उपर्युक्त मामले की जांच करवाई जा रही है। 26 जून को डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने रक्षा मंत्री को भेजे पत्र में लिखा था कि छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग के जवान विगत वर्षों में नक्सल विरोधी अभियानों में अपनी वीरता एवं अदम्य साहस का परिचय दे चुके हैं।

## साइबर फर्म 'अलिबी ग्लोबल' का खुलासा, आईबी को दी सूचना

# डार्क वेब पर डीआरडीओ का 31 जीबी डेटा 6.6 लाख रुपये में बेचा जा रहा, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



साइबर सुरक्षा से जुड़ी एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक हैकर ने डार्क वेब पर कथित तौर पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और सेना से जुड़े 31 जीबी बेहद संवेदनशील डेटा को करीब 6.6 लाख में बेचने की खौफनाक पेशकश की है। तिरुवनंतपुरम की साइबर सुरक्षा फर्म 'अलिबी ग्लोबल' ने यह खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 31 जीबी डेटा पिछले दो हफ्तों से डार्क वेब पर बिक्री के लिए विज्ञापित किया जा रहा है। इतना ही नहीं सबूत के तौर पर जारी किए गए कुछ सैंपल दस्तावेजों में वरिष्ठ वैज्ञानिकों के हस्ताक्षर और मंजूरी से जुड़ी प्रतिबंधित तकनीकी जानकारी होने का दावा किया गया है।

### डीआरडीओ रिपोर्ट की प्रामाणिकता जांच रहा

इस दावा के सामने आने के बाद जब इस मामले में डीआरडीओ के सूत्रों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि वे इस रिपोर्ट की प्रामाणिकता की जांच कर रहे हैं। बता दें, अलिबी ग्लोबल नामक कंपनी सरकारी एजेंसियों और महत्वपूर्ण संस्थानों को डार्क वेब मॉनिटरिंग की सेवाएं देती है। उनकी नियमित निगरानी के दौरान यह संवेदनशील डेटा नजर आया। अलिबी ग्लोबल के तकनीकी निदेशक वी.के. भद्रन ने बताया कि मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए उन्होंने तुरंत इसकी सूचना 'इंटेलिजेंस ब्यूरो' (आईबी) को दे दी है। अब संबंधित सरकारी एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं कि डेटा वास्तव में कितना सही और संवेदनशील है।

## खबर संक्षेप

### सांप्रदायिक तनाव के बीच नेपाल में कर्फ्यू जारी



**काठमांडू।** भारत सीमा से लगे नेपाल के सुनसरी जिले के कुछ हिस्सों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा। जिले में सांप्रदायिक हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे, जिसके बाद से वहां तनाव बरकरार है। जिला प्रशासन कार्यालय सुनसरी ने बताया कि कई इलाकों में सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक कर्फ्यू और निषेधाज्ञा लागू रहा। हरिनगर और देवगंज ग्रामीण नगरपालिकाओं के पूरे क्षेत्र में प्रतिबंध लागू किए गए हैं।

### पेरिस में 3 महिलाओं को मारा चाकू, अरेस्ट



**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में चाकू से हमले में तीन लोग घायल हो गए और एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को यह कहते हुए सुना गया कि यह अल्लाह है जिसने मुझे हुक्म दिया। हमले में घायल लोगों का इलाज अस्पताल में जारी है। इनमें से दो की हालत गंभीर है। यह हमला सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे उत्तर-पश्चिम पेरिस में हुआ, जहां दो किचन वाले चाकू से सड़क पर लोगों पर हमला किया।

## पीओजेके में कराए जा रहे विधानसभा चुनावों पर भारत की दो टूक

# यह अवैध कब्जे को वैध दिखाने की पाकिस्तान की एक नाकाम कोशिश

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले क्षेत्र भारत के अभिन्न अंग हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में कराए जा रहे तथाकथित विधानसभा चुनावों पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इन चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं और यह पूरी कवायद पाकिस्तान के अवैध कब्जे को वैध दिखाने की कोशिश है।

जायसवाल ने कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में कराए जा रहे तथाकथित विधानसभा चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के पूरे केंद्र शासित प्रदेश, जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जो इस समय पाकिस्तान के अवैध और जबरन कब्जे में हैं, भारत के अभिन्न अंग हैं। यह मौजूदा दिखावटी चुनावी प्रक्रिया पाकिस्तान के अवैध कब्जे पर पर्दा डालने और क्षेत्र में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों को छिपाने की एक कोशिश मात्र है। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में जारी व्यापक विरोध प्रदर्शन वहां के लोगों के आर्थिक शोषण, उनके मौलिक अधिकारों से वंचित किए जाने और प्रशासनिक दमन का सीधा परिणाम हैं।

'मानवाधिकारों के उल्लंघन को छिपाने की दिखावटी कोशिश

'पीओजेके में लोगों का आर्थिक शोषण और दमन किया जा रहा

### पाक सीमा पार आतंकवाद प्रायोजित कर रहा



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पाकिस्तान के युवाओं द्वारा भारत में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में आई रिपोर्टों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारत इस बात से भली-भांति अवगत है कि पाकिस्तान दशकों से भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। जयसवाल ने जोर देकर कहा कि भारत के लोग, जिनमें जेन जी भी शामिल है, पाकिस्तान से अपने राज्य-प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके समकक्ष इस पर गंभीरता से ध्यान दे रहे हैं।

### चीन के साथ सीमा व्यापार शुरू करने पर बनी सहमति



भारत-चीन सीमा व्यापार पर जायसवाल ने कहा कि अगस्त 2025 में, दोनों पक्षों ने तीन निर्दिष्ट व्यापारिक बिंदुओं, यानी लिपुलेख दर्रा, शिपकी ला दर्रा और नाथू ला दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 27 से 28 जुलाई तक चीन की आधिकारिक यात्रा की। उन्होंने बीजिंग में अपने आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के सेंट्रल पार्टी स्कूल के उपाध्यक्ष ली वेनतांग से मुलाकात की।

#### चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर चर्चा

जायसवाल ने बताया कि विदेश सचिव ने चीन की विदेश मामलों की उप मंत्री हुआ चुनयिंग से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों पर समग्र रूप से चर्चा की और व्यापार और आर्थिक संबंधों, संस्कृति और जन-जन आदान-प्रदान के माध्यम से पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणामों सहित, भारत और चीन को साझेदार और एक-दूसरे के लिए विकास के अवसर मानने वाले दोनों नेताओं के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के साधनों पर विचार-विमर्श किया।

### प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी, 19 की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में चल रहे आंदोलन के बीच सोमवार को हालात और तनावपूर्ण हो गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि रावलकोट में विरोध प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इन घटनाओं में अब तक कम से कम 19 व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई, जब जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी और प्रशासन के बीच बातचीत विफल होने के बाद हजारों लोग मुजफ्फराबाद की ओर मार्च के लिए निकल पड़े। प्रदर्शनकारी पिछले 52 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं और गिरफ्तार लोगों की रिहाई, दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

## ज़ेलेंस्की व नेतन्याहू से ट्रंप की मुलाकात होर्मुज को लेकर ईरान ने फिर धमकाया

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच व्हाइट हाउस में करीब 90 मिनट तक बैठक हुई। इसके बाद नेतन्याहू व्हाइट हाउस से रवाना हो गए। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रम्प की नेतन्याहू के साथ हुई बैठकें सकारात्मक और उपयोगी रहीं। हालांकि, बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसकी कोई अतिरिक्त जानकारी फिलहाल साझा नहीं की गई है। वहीं, इससे पहले ट्रम्प यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से भी मिले। जेलेंस्की ने कहा कि व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ हुई बैठक में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम के इंटरसेप्टर के उत्पादन का लाइसेंस देने और कई अन्य अहम प्रस्तावों पर चर्चा हुई। जेलेंस्की ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच कूटनीतिक प्रयासों को फिर से तेज करने पर भी बात हुई। साथ ही, आगे की बातचीत और संपर्क को लेकर दोनों देशों की टीमें आपसी समन्वय करेंगी।



■ यूक्रेनी राष्ट्रपति से मुलाकात में एयर डिफेंस पर अहम चर्चा हुई

## भारत-यूएस साझेदारी को मिलेगी मजबूती

# परमाणु ऊर्जा और एआई क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग के असिस्टेंट सेक्रेटरी एस. पॉल कपूर ने कहा है कि अमेरिका भारत के साथ मिलकर अपनी रक्षा साझेदारी को बढ़ा रहा है। इसके साथ ही, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी, एआई और दूसरी उभरती हुई टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी गहरा कर रहा है। हूवर इंस्टीट्यूशन में भारत पर आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में चर्चा के दौरान कपूर ने कहा कि ट्रंप प्रशासन का भारत के साथ जुड़ाव सप्लाई चेन को मजबूत करने के साथ-साथ अमेरिका में नौकरियां भी पैदा कर रहा है।



बैठक में चर्चा करते एस पॉल कपूर

### एच-1बी वीजा होल्डर्स वाला बिल पेश

अमेरिका के कैलिफोर्निया की वरिष्ठ डेमोक्रेटिक सीनेटर ने एलेक्स पडिला ने कहा कि उनका प्रस्ताव एक इमिग्रेशन नियम को मॉडर्नाइज करेगा जिसे 1986 से अपडेट नहीं किया गया है। इससे 80 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा हो सकता है।

### डॉ. मीनाक्षी गोयल पीयू की कार्यवाहक वीसी बनीं

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़। पीयू की वाइस चांसलर प्रो. रेनू विग का चार महीने का सेवा विस्तार 28 जुलाई को समाप्त हो गया। इसके बाद विश्वविद्यालय के नए नियमित वाइस चांसलर की नियुक्ति होने तक यह जिम्मेदारी डीन यूनिवर्सिटी इंस्ट्रक्शंस (डीयूआई) डॉ. मीनाक्षी गोयल संभालेंगी। विश्वविद्यालय के उच्च अधिकारियों के अनुसार पंजाब यूनिवर्सिटी के चांसलर और भारत के उपराष्ट्रपति ने डॉ. मीनाक्षी गोयल को अंतरिम रूप से वाइस चांसलर की जिम्मेदारियां निभाने के निर्देश दिए हैं। वे तब तक यह पद संभालेंगी, जब तक नए स्थायी वाइस चांसलर की नियुक्ति नहीं हो जाती। प्रो. रेनू विग को 28 मार्च को चार महीने का सेवा विस्तार दिया गया था। इसी दौरान नए वाइस चांसलर के चयन के लिए सर्च-कम-सेलेक्शन कमेटी भी बनाई गई थी। इसको लेकर इंटरव्यू भी हो चुके हैं। हालांकि अभी तक इस प्रक्रिया पर अंतिम फैसला नहीं हो पाया है।

### सरकार ने चीनी डीलर के लिए स्टॉक की सीमा 30 दिन तक सीमित की



**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को निर्देश दिया कि कोई भी चीनी डीलर 30 दिन से ज्यादा समय तक स्टॉक या भंडार न रखे। इसके साथ ही चीनी कीमतों को काबू में रखने की कोशिशों के तहत 4,000 क्विंटल की स्टॉक सीमा तय की गई है। यह आदेश एक अगस्त, 2026 से 30 नवंबर, 2026 तक लागू रहेगा। एक गजट अधिसूचना में, खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' की धारा तीन और 'चीनी (नियंत्रण) आदेश, 2025' के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए यह पाबंदी लगाई।

### रुपये की मजबूती से सोना और चांदी में रही गिरावट



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख और रुपये की मजबूती से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,640 रुपये घटकर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं चांदी की कीमत 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम टूट गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,49,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 2,640 रुपये टूटकर 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई। चांदी में भी बिकवाली देखी गई और इसकी कीमत 5,200 रुपये टूटकर 2,24,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि रुपये की मजबूती से घरेलू बाजार में आयातित सर्राफा (सोना-चांदी) की यहां मंगाने की लागत कम हो गई।

### एशियाई बाजारों में कमजोर रुख से सेंसेक्स 70 अंक टूटा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को मामूली गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स तथा एनएसई निफ्टी लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की इस सप्ताह मौद्रिक नीति बैठकों से पहले और एशिया के अन्य बाजारों में भारी बिकवाली के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 69.86 अंक टूटकर 76,765.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 76,988.48 अंक के उच्च स्तर और 76,672.77 अंक के निचले स्तर तक आया। निफ्टी 10.60 अंक की मामूली गिरावट के साथ 23,985.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर का शेयर सबसे अधिक 6.97 प्रतिशत टूटा। कंपनी के शुद्ध लाभ में कमी से शेयर नुकसान में रहा। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 3.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,680 करोड़ रुपये रहा।

## कश्मीर के उरी में एलओसी पर जोरदार धमाका!

# माइन ब्लास्ट में सेना के 2 जवान घायल

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में मंगलवार को देश की सुरक्षा में दिन-रात तैनात भारतीय सेना के दो जवान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हुए एक जोरदार माइन विस्फोट में घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और सेना ने तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उरी के कामालकोट सब-सेक्टर में स्थित अपर गढ़ फॉरवर्ड पोस्ट के करीब हुआ। यह बेहद संवेदनशील इलाका है और यहां 12 इन्फैंट्री ब्रिगेड के तहत 8 राष्ट्रीय राइफल्स की टुकड़ी तैनात है। यह पूरा क्षेत्र उरी पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है।

हादसा अपर गढ़ फॉरवर्ड पोस्ट के करीब हुआ

घायल जवान 8 राष्ट्रीय राइफल्स की टुकड़ी के

### नियमित गश्त पर थे जवान



मंगलवार को जब जवान अपनी नियमित गश्त और ड्यूटी पर थे, तभी अचानक एक पुरानी माइन में जोरदार धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के इलाके में उसकी आवाज सुनी गई। इस विस्फोट की चपेट में आकर दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जवानों की पहचान दफादार विजय कुमार (42 वर्ष) और नायक शरणप्पा अंगारी (28 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों ही 8 राष्ट्रीय राइफल्स के बहादुर सिपाही हैं और लंबे समय से देश सेवा में लगे हुए हैं।

### सेना के बेस अस्पताल में इलाज जारी

घटना के तुरंत बाद साथी जवानों ने अदम्य साहस और जज्बे का परिचय देते हुए दोनों घायल जवानों को घटनास्थल से सुरक्षित निकाला। मौके पर ही प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें तुरंत हेलीकॉप्टर के जरिए श्रीनगर के बादामीबाग स्थित सेना के बेस अस्पताल में एयरलिफ्ट किया गया। फिलहाल दोनों का इलाज बेस अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत पर सेना के वरिष्ठ डॉक्टर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### पाक समर्थित मॉड्यूल का पर्दाफाश, 2 संदिग्ध अरेस्ट

**दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी शाहबाज अंसारी के एक और मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस अभियान के तहत दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार संदिग्धों के पास से एक सब-मशीन गन और तीन अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं। इसके साथ ही 82 कारतूस भी जब्त किए गए हैं। बरामद की गई सब-मशीन गन (एसएमजी) चेकोस्लोवाकिया में निर्मित है। यह हथियार पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते भारत में लाया गया था। गिरफ्तार किए गए आरोपी सलीम पिस्टल ने इसे पाकिस्तान से भारत पहुंचाया था। पुलिस ने बताया कि इसी मॉड्यूल के सदस्यों से पहले भी एक मशीन गन पकड़ी जा चुकी है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28